हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 18 अक्तूबर 2025 अंक 9/ वर्ष 7 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-






# रूस से कच्चे तेल का आयात कर लिया आधा?

## > तेल डील पर अमेरिका बौखलाया




**नई दिल्ली.**

रूसी तेल की खरीद का हवाला देकर भारत पर मोटा जुर्माना लगाने वाला अमेरिका अब भारत को लेकर आए दिन नए नए मनगढ़ंत दावे कर रहा है। अब हाल ही में वाइट हाउस के एक बड़े अधिकारी ने दावा किया है कि भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद में कटौती कर ली है और अब सिर्फ आधा तेल ही आयात कर रहा है। हालांकि भारत ने एक बार फिर इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। भारतीय उद्योग सूत्रों ने शुक्रवार को रॉयटर्स को बताया है कि भारत ने ऑयल रिफाइनरियों को रूसी तेल के आयात में किसी भी तरह कटौती करने को नहीं कहा है।

जानकारी के मुताबिक ऑयल रिफाइनरियों ने नवंबर की खरीददारी के लिए पहले ही ऑर्डर दे दिए हैं, जिसमें दिसंबर में आने वाले कुछ कार्गो भी शामिल हैं। ऐसे में किसी भी तरह की कटौती का सवाल ही पैदा नहीं होता। वहीं डेटा फर्म केप्लर के अनुमान के मुताबिक इस महीने भारत का रूसी तेल आयात लगभग 20 फीसदी बढ़कर 19 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगा।

इससे पहले वाइट हाउस के अधिकारी ने गुरुवार को कहा था कि अमेरिका में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत में इस पर सहमति बनी है कि भारतीय रिफाइनर रूसी तेल आयात में 50 फीसदी की कटौती कर रहे हैं। वहीं गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसी तरह का एक दावा किया था। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी फोन पर बातचीत हुई और इस दौरान मोदी ने उनसे कहा कि अब भारत रूस से तेल का व्यापार नहीं करेगा। ट्रंप के इन दावों को भारत ने तुरंत खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि ट्रंप और पीएम मोदी की इस संबंध में कोई बातचीत नहीं हुई है।


# अडानी ग्रीन एनर्जी गैलरी में दस लाख विज़िटर्स का स्वागत

**नई दिल्ली.**

एनर्जी रेवोल्यूशनः द अडानी ग्रीन एनर्जी गैलरी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2024 के अंत में शुरू की गई साइंस म्यूज़ियम में स्थित यह पुरस्कार विजेता निःशुल्क गैलरी अब तक 10 लाख से अधिक विज़िटर्स का स्वागत कर चुकी है।

यह गैलरी हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक, तेज़ी से हो रहे ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन को सीमित करने के लिए जरूरी डिकार्बनाइजेशन को समझने पर केंद्रित है। इसमें पुराने और आधुनिक समय की अनोखी वस्तुए, आकर्षक डिजिटल डिस्प्ले और खास तौर पर तैयार किए गए मॉडल शामिल हैं, जो मिलकर यह दर्शाते हैं कि इंसानी कल्पना और नवाचार ने ऊर्जा प्रणालियों के अतीत, वर्तमान और भविष्य को कैसे आकार दिया है। यह गैलरी, जो यूके और विदेशों के तकनीकी प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित करती है, परिवारों और स्कूल ग्रुप्स दोनों में बेहद लोकप्रिय है, जैसे ऑर्कनी में हाइड्रोजन पॉवर, भारत में टेराकोटा एयर-कूलिंग फैसाड्स और मोरक्को में सोलर फार्म्स। अब तक 10,000 से अधिक छात्रों ने शैक्षिक यात्राओं के हिस्से के रूप में इस गैलरी का अनुभव किया है। अडानी ग्रीन एनर्जी के एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अडानी ने कहा,'हमें गर्व है कि एनर्जी रेवोल्यूशनः द देते हैं और गर्व महसूस करते हैं कि हम ऐसी गैलरी का समर्थन कर रहे हैं, जो न सिर्फ जिज्ञासा जगाती है, बल्कि एक स्वच्छ और अधिक सुदृढ़ दुनिया के लिए समाधान विकसित करने में मदद करती है।

साइंस म्यूज़ियम ग्रुप के चीफ एग्ज़ीक्यूटिव और डायरेक्टर सर इयान ब्लैचफोर्ड ने कहा, हमें इस शानदार गैलरी में 10 लाख विज़िटर्स का स्वागत करके बेहद खुशी हो रही है। यह विज़िटर्स में जिज्ञासा जगाने और ऊर्जा को अधिक स्थायी तरीके से उत्पन्न और इस्तेमाल करने की आवश्यकता पर चर्चा शुरू करने में मदद करता है। इस महत्वपूर्ण मुकाम तक पहुँचना गैलरी के पुरस्कार विजेता डिज़ाइन और अद्भुत प्रदर्शित वस्तुओं की कहानियों का प्रमाण है। मैं अदाणी ग्रीन एनर्जी का आभारी हूँ, जिनके उदार प्रायोजन ने यह गैलरी संभव बनाई।






### आवर फ्यूचर' में बच्चों की ऊर्जा पर कल्पनाएं

'आवर फ्यूचर' नामक इस सेक्शन में बच्चों की रचनात्मक सोच झलकती है, जहा वे अपने विचार साझा करते हैं कि आने वाले समय में दुनिया अपनी ऊर्जा जरूरतों को कैसे पूरा करेगी। गैलरी के बीचों-बीच 'ओनली ब्रीथ' नाम की एक खूबसूरत गतिशील मूर्ति लगाई गई है, जो विज्ञान और कला का संगम पेश करती है। जब यह पूरी तरह आगे बढ़ती है, तो इसका व्यास करीब पाँच मीटर तक पहुच जाता है। इसे कलाकार एलेक्जेंड्रा कैर और कॉलिन रेनी ने 'टोरस टोरस स्टूडियोज़' में बनाया है। 'एनर्जी रेवोल्यूशनः द अडानी ग्रीन एनर्जी गैलरी' को विश्व की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक, अडानी ग्रीन एनर्जी का सहयोग प्राप्त है।

# इस साल 50% चढ़ा सोने का भाव



## >35 बार छूआ हाई रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.**

वैश्विक केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत एशियाई मांग के चलते विदेशी बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी जारी है. अनुमान है कि सोना आने वाले समय में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है. मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया है. औद्योगिक मांग और बढ़ती आपूर्ति की कमी के कारण चांदी की कीमत 75 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान है.

वर्ष 2025 में सोने की कीमतों में 50% से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 4,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई. यह अब तक 35 बार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है. सोने में यह तेजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दरों में कटौती और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी से प्रेरित रही है.

एमओएफएसएल के जिंस एवं मुद्रा शोध प्रमुख नवनीत दमानी का कहना है कि केंद्रीय बैंकों का विविधीकरण सर्राफा बाजार को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है.

अब संस्थागत मांग और संप्रभु संचयन दीर्घकालिक मूल्य वृद्धि के अनुरूप हैं. मानव मोदी और नवनीत दमानी का कहना है कि सोने की कीमत कॉमेक्स पर 4,000 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजार में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर चुकी है. उन्होंने कहा कि हालांकि बीच-बीच में सुधार देखने को मिल सकता है, लेकिन अगर सोना सर्वकालिक ऊंचाई पर बना रहा तो इसकी कीमत कॉमेक्स पर 4,500 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजार में 1.35 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है, बशर्ते डॉलर-रुपया विनिमय दर 89 रहे.

## आज का राशिफल

**मेष** - आज मेष राशि वालों को मानसिक शांति की प्राप्ति होगी। धन लाभ होने की संभावना है, लेकिन आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे और भविष्य के बारे में बातचीत कर सकते हैं।

**वृषभ** - आज आपको अपने खानपान पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि सेहत बिगड़ सकती है। यात्रा के संकेत हैं, लेकिन फलीभूत नहीं होगी। आज का दिन आपको थकाने वाला और तनावपूर्ण साबित हो सकता है,

**मिथुन** - आज आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा। कार्यक्षेत्र या व्यापार में कोई भी लापरवाही आज आपको आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती है। बच्चों की सेहत पर नजर रखें।

**कर्क** - आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। धन के मामलों में सावधानी बरतें, वरना नुकसान हो सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना सुखद रहेगा। आज प्यार में अनबन का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** - आज आपको ध्यान और योग का फायदा मिलेगा, मानसिक तनाव दूर होगा। अगर आप छात्र हैं और विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं, तो घर की आर्थिक तंगी आज आपको परेशान कर सकती है।

**कन्या** - आज आपके घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा, जिससे धन का आगमन होगा। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**तुला** - ऑफिस में आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि ज्यादा काम लेने से बचें। आज आपको अपना धन खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**वृश्चिक** - आज आपकी यात्रा लाभकारी रहेगी। आज निवेश के अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके लिए काफी बेहतर हो सकती हैं।

**धनु** - आज आपको धन लाभ हो सकता है। आपको अपनी लीडरशिप स्किल दिखाने का मौका मिलेगा। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको सकारात्मक परिणाम दिलाएगी।

**मकर** - आज आपको भाई-बहन से आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। महत्वपूर्ण टास्क या कार्यों को पूरा करने के लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। साहसिक कदम और फैसले अनुकूल परिणाम लाएंगे। परिवार के साथ यात्रा के योग हैं।

**कुंभ** - आज आपको किसी पारिवारिक मामले को हल करना पड़ सकता है। पुराने निवेशों से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है। दोस्त और जीवनसाथी आपके लिए खुशियां लाएंगे।

**मीन** - आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए। किसी भी जरूरी कागजात या धन से जुड़े मामले पर साइन करते समय सावधानी बरतें, वरना नुकसान हो सकता है।

# टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया नया एलपीओ 1822 बस चेसिस

**नई दिल्ली.**



भारत की अग्रणी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी सबसे आधुनिक इंटरसिटी बस ऑल-न्यू टाटा एलपीओ 1822 चेसिस लॉन्च की। लंबी दूरी के यात्री परिवहन में नए मानक स्थापित करने के लिए निर्मित, एलपीओ 1822 आराम, प्रदर्शन और परिचालन दक्षता में एक साहसिक छलांग का प्रतिनिधित्व करता है, जो जन गतिशीलता के भविष्य को आकार देने में टाटा मोटर्स के नेतृत्व की पुष्टि करता है। टाटा एलपीओ 1822 में फुल-एयर सस्पेंशन और कम शोर, कंपन एवं कठोरता के उन्नत स्तर की विशेषताएँ हैं, जो यात्रियों और ड्राइवरों दोनों को थकान रहित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करती हैं। यह चेसिस 36 से 50 सीटों और स्लीपर विकल्पों के साथ उपलब्ध है, जो बस ऑपरेटरों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करती है। इस लॉन्च के अवसर पर, टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट और कमर्शियल पैसेंजर व्हीकल बिजनेस के प्रमुख आनंद एस ने कहा,भारत में इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है, क्योंकि यात्री अब बेहतर कनेक्टिविटी, आराम और सुविधा की अपेक्षा करते हैं।

टाटा एलपीओ 1822 एक उन्नत उत्पाद है, जो उत्कृष्ट राइड क्वालिटी, मजबूत इंजीनियरिंग और स्मार्ट फीचर्स का संयोजन प्रस्तुत करता है। यह यात्रियों के लिए आरामदायक, ड्राइवरों के लिए सुविधाजनक और ऑपरेटरों के लिए अधिक लाभदायक साबित होगा।"

एलपीओ 1822 में 5.6-लीटर कमिंस डीज़ल इंजन दिया गया है, जो 220 एचपी की पावर और 925 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। यह इंजन शक्ति और ईंधन-सक्षमता का बेहतरीन संतुलन प्रस्तुत करता है। यही चेसिस प्रीमियम टाटा मैग्ना कोच का आधार भी है, जो सुरक्षा, आराम और यात्रा अनुभव के उच्चतम मानकों के अनुरूप तैयार की गई है।

### एलपीओ 1822 के साथ फ्री 'फ्लीट एज' सदस्यता

एलपीओ 1822 के साथ चार वर्ष की मुफ्त फ्लीट एज सदस्यता दी जा रही है। फ्लीट एज टाटा मोटर्स का स्मार्ट, अगली पीढ़ी का कनेक्टेड व्हीकल प्लेटफॉर्म है, जो रीयल-टाइम जानकारी, भविष्यवाणी-आधारित मेंटेनेंस और डेटा-संचालित फ्लीट प्रबंधन की सुविधा प्रदान करता है जिससे ऑपरेटर अपने संचालन को अधिक कुशल और लाभदायक बना सकते हैं। टाटा मोटर्स के पास 9 से 55 सीटों तक की बसों का व्यापक पोर्टफोलियो है, जिसमें डीज़ल, सीएनजी, एलएनजी, और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन विकल्प शामिल हैं।

# शेयर बाजार में त्यौहार से पहले रौनक

**नई दिल्ली.** दिवाली से पहले शुक्रवार को शेयर बाजार में जमकर खरिदारी देखने को मिली है। सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए हैं। 30 संवेदी सूचकांक वाला सेंसेक्स आज 0.58 प्रतिशत या फिर 484.53 अंक की उछाल के बाद 83,952.19 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 0.49 प्रतिशत या फिर 124.55 अंक की तेजी के साथ 25709.85 अंक पर बंद हुआ है। दिवाली से पहले शेयर मार्केट में आतिशबाजी जारी है। लगातार तीसरे दिन दलाल स्ट्रीट में धूम-धड़ाका है। सेंसेक्स अब 698 अंक ऊपर 84166 पर है। जबकि, एनएसई के 50 स्टॉक्स वाले बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 25508 के लेवल तक गिरने के बाद अब 192 अंकों की उछाल के साथ 25777 पर पहुंच गया है। इस तेजी के बावजूद आईटी, मीडिया स्टॉक्स में बड़ी गिरावट है। मेटल भी कमजोर है और पीएसयू बैंक भी लाल है। एफएपफसीजी इंडेक्स में बंपर उछाल है। ऑटो, फार्मा, बैंक निफ्टी भी हरे निशान पर हैं। दिवाली से पहले शेयर मार्केट में धूम-धड़ाका है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अब 572 अंक ऊपर 84040 पर है। जबकि, एनएसई के 50 स्टॉक्स वाले बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 25508 के लेवल तक गिरने के बाद अब 154 अंकों की उछाल के साथ 25740 पर पहुंच गया है।




## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी

सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 42 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 17/10/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — **GL-01 : 9851**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 3421 | 4470 | 4473 | 5370 | 6332 | 6379 | 8293 | 9100 | 9211 | 9504 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2578 | 4399 | 4481 | 5463 | 6537 | 7206 | 7408 | 8420 | 8486 | 8508 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0886 | 2606 | 3215 | 3361 | 4642 | 6338 | 6522 | 7267 | 9622 | 9772 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | 0830 | 1696 | 2346 | 3503 | 4490 | 5602 | 6606 | 7447 | 8614 | 9397 |
| 0002 | 0900 | 1708 | 2522 | 3553 | 4540 | 5685 | 6610 | 7484 | 8668 | 9425 |
| 0010 | 0920 | 1780 | 2534 | 3630 | 4639 | 5790 | 6635 | 7498 | 8706 | 9427 |
| 0015 | 1031 | 1817 | 2550 | 3663 | 4768 | 5809 | 6636 | 7558 | 8813 | 9459 |
| 0050 | 1108 | 1821 | 2628 | 3675 | 4812 | 5812 | 6664 | 7585 | 8846 | 9501 |
| 0079 | 1111 | 1822 | 2782 | 3863 | 4847 | 5836 | 6671 | 7728 | 8878 | 9523 |
| 0089 | 1128 | 1834 | 2885 | 3883 | 4854 | 5865 | 6786 | 7743 | 8985 | 9528 |
| 0237 | 1155 | 2120 | 2912 | 4037 | 4863 | 5867 | 6876 | 7757 | 9017 | 9577 |
| 0298 | 1189 | 2155 | 2922 | 4148 | 4892 | 5984 | 6965 | 7763 | 9056 | 9579 |
| 0380 | 1219 | 2158 | 3131 | 4150 | 4972 | 5989 | 7081 | 7794 | 9107 | 9593 |
| 0401 | 1290 | 2174 | 3157 | 4204 | 5059 | 6002 | 7174 | 7892 | 9129 | 9594 |
| 0433 | 1312 | 2208 | 3210 | 4208 | 5103 | 6045 | 7239 | 7928 | 9148 | 9598 |
| 0450 | 1316 | 2213 | 3224 | 4267 | 5235 | 6076 | 7240 | 8088 | 9175 | 9651 |
| 0557 | 1325 | 2224 | 3254 | 4289 | 5240 | 6150 | 7241 | 8138 | 9179 | 9682 |
| 0604 | 1348 | 2235 | 3293 | 4368 | 5250 | 6165 | 7247 | 8216 | 9225 | 9860 |
| 0607 | 1419 | 2243 | 3310 | 4411 | 5261 | 6246 | 7277 | 8286 | 9229 | 9897 |
| 0613 | 1426 | 2268 | 3365 | 4432 | 5315 | 6349 | 7294 | 8299 | 9241 | 9922 |
| 0637 | 1518 | 2269 | 3371 | 4444 | 5354 | 6356 | 7364 | 8312 | 9269 | 9957 |
| 0710 | 1567 | 2282 | 3380 | 4453 | 5392 | 6410 | 7367 | 8500 | 9291 | 9972 |
| 0746 | 1611 | 2312 | 3381 | 4461 | 5399 | 6513 | 7387 | 8517 | 9392 | 9980 |
| 0802 | 1685 | 2330 | 3388 | 4463 | 5475 | 6537 | 7424 | 8521 | 9395 | 9999 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 22/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 5 लाख पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षीस — सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 17/10/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## महाराष्ट्र वैभवलक्ष्मी विकली लॉटरी

सोडत दर शुक्रवारी • तिकीट किंमत रु. 50/- • सोडत क्र. 42 • सोडत दिनांक 17/10/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख — **VL-02 : 1401**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — **1161** (बारड लॉटरी सेंटर - सोलापूर, महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1268 | 1708 | 2325 | 2984 | 3202 | 7094 | 7807 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 2000 | 3401 | 3710 | 3571 | 4353 | 4375 | 4553 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 2773 | 5070 | 5111 | 5814 | 6323 | 6907 | 7545 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 1167 | 1690 | 2816 | 3174 | 3924 | 5135 | 6371 |

सातवे बक्षीस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सातवे बक्षीस रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | 1931 | 2398 | 2980 | 3438 | 3907 | 4424 | 4889 | 5465 | 5929 | 6608 | 7027 | 7559 |
| | | 1951 | 2421 | 2982 | 3451 | 3918 | 4433 | 4923 | 5475 | 5953 | 6615 | 7060 | 7569 |
| | | 1966 | 2470 | 2995 | 3453 | 3934 | 4441 | 4935 | 5477 | 5955 | 6616 | 7068 | 7583 |
| 1000 | 1263 | 1977 | 2482 | 3009 | 3478 | 3936 | 4443 | 4939 | 5498 | 5971 | 6624 | 7070 | 7618 |
| 1015 | 1281 | 1981 | 2498 | 3014 | 3480 | 3938 | 4452 | 4945 | 5500 | 5986 | 6634 | 7075 | 7626 |
| 1018 | 1284 | 1991 | 2520 | 3093 | 3489 | 3939 | 4454 | 4947 | 5503 | 6007 | 6656 | 7077 | 7627 |
| 1027 | 1291 | 2008 | 2539 | 3104 | 3494 | 3960 | 4457 | 4949 | 5507 | 6046 | 6661 | 7078 | 7648 |
| 1035 | 1321 | 2019 | 2579 | 3116 | 3511 | 3982 | 4458 | 4963 | 5515 | 6059 | 6662 | 7079 | 7656 |
| 1044 | 1384 | 2022 | 2581 | 3123 | 3513 | 3983 | 4470 | 4964 | 5520 | 6063 | 6664 | 7082 | 7681 |
| 1049 | 1388 | 2035 | 2587 | 3139 | 3516 | 3988 | 4475 | 4976 | 5527 | 6067 | 6671 | 7088 | 7682 |
| 1060 | 1420 | 2082 | 2594 | 3160 | 3522 | 3993 | 4479 | 4983 | 5529 | 6077 | 6680 | 7109 | 7687 |
| 1085 | 1456 | 2084 | 2602 | 3166 | 3532 | 4010 | 4486 | 4988 | 5538 | 6124 | 6706 | 7122 | 7702 |
| 1100 | 1464 | 2092 | 2640 | 3173 | 3580 | 4036 | 4488 | 5085 | 5540 | 6126 | 6717 | 7136 | 7708 |
| 1104 | 1477 | 2110 | 2648 | 3192 | 3586 | 4055 | 4493 | 5115 | 5542 | 6132 | 6723 | 7159 | 7714 |
| 1105 | 1524 | 2112 | 2652 | 3205 | 3595 | 4067 | 4505 | 5134 | 5551 | 6167 | 6726 | 7160 | 7722 |
| 1107 | 1542 | 2117 | 2693 | 3214 | 3599 | 4094 | 4510 | 5138 | 5554 | 6186 | 6737 | 7167 | 7728 |
| 1108 | 1553 | 2129 | 2694 | 3231 | 3603 | 4121 | 4535 | 5155 | 5559 | 6189 | 6745 | 7172 | 7730 |
| 1110 | 1558 | 2142 | 2723 | 3236 | 3613 | 4124 | 4547 | 5169 | 5579 | 6237 | 6756 | 7178 | 7734 |
| 1119 | 1584 | 2153 | 2724 | 3237 | 3618 | 4140 | 4571 | 5176 | 5582 | 6241 | 6760 | 7202 | 7749 |
| 1125 | 1626 | 2171 | 2757 | 3273 | 3631 | 4146 | 4596 | 5211 | 5596 | 6247 | 6766 | 7223 | 7754 |
| 1127 | 1656 | 2178 | 2769 | 3280 | 3638 | 4157 | 4626 | 5224 | 5608 | 6256 | 6776 | 7228 | 7755 |
| 1136 | 1681 | 2200 | 2790 | 3299 | 3643 | 4164 | 4641 | 5225 | 5622 | 6262 | 6785 | 7308 | 7766 |
| 1138 | 1699 | 2208 | 2794 | 3303 | 3697 | 4184 | 4678 | 5238 | 5629 | 6334 | 6835 | 7320 | 7772 |
| 1141 | 1708 | 2212 | 2816 | 3311 | 3703 | 4196 | 4689 | 5241 | 5642 | 6365 | 6842 | 7323 | 7782 |
| 1145 | 1751 | 2227 | 2829 | 3326 | 3705 | 4239 | 4695 | 5251 | 5669 | 6383 | 6864 | 7336 | 7797 |
| 1163 | 1764 | 2228 | 2834 | 3327 | 3712 | 4240 | 4703 | 5254 | 5670 | 6386 | 6866 | 7359 | 7798 |
| 1172 | 1781 | 2240 | 2840 | 3332 | 3732 | 4278 | 4708 | 5256 | 5678 | 6419 | 6867 | 7367 | 7820 |
| 1176 | 1801 | 2242 | 2872 | 3333 | 3739 | 4304 | 4720 | 5276 | 5695 | 6420 | 6874 | 7370 | 7848 |
| 1178 | 1815 | 2271 | 2878 | 3341 | 3746 | 4318 | 4754 | 5281 | 5719 | 6422 | 6886 | 7373 | 7874 |
| 1179 | 1831 | 2282 | 2882 | 3360 | 3772 | 4339 | 4759 | 5284 | 5734 | 6436 | 6909 | 7397 | 7876 |
| 1181 | 1832 | 2285 | 2890 | 3363 | 3773 | 4340 | 4794 | 5289 | 5800 | 6447 | 6950 | 7403 | 7880 |
| 1182 | 1851 | 2298 | 2891 | 3368 | 3832 | 4347 | 4834 | 5309 | 5809 | 6476 | 6954 | 7442 | 7898 |
| 1185 | 1868 | 2311 | 2892 | 3370 | 3837 | 4354 | 4835 | 5312 | 5813 | 6488 | 6956 | 7467 | 7900 |
| 1214 | 1877 | 2322 | 2920 | 3376 | 3838 | 4358 | 4842 | 5364 | 5842 | 6529 | 6960 | 7499 | 7917 |
| 1228 | 1883 | 2328 | 2922 | 3389 | 3842 | 4370 | 4846 | 5378 | 5851 | 6545 | 6961 | 7517 | 7922 |
| 1242 | 1897 | 2330 | 2923 | 3408 | 3863 | 4388 | 4864 | 5391 | 5857 | 6555 | 6962 | 7522 | 7939 |
| 1245 | 1911 | 2364 | 2932 | 3410 | 3884 | 4413 | 4867 | 5409 | 5886 | 6556 | 7009 | 7530 | 7953 |
| 1251 | 1916 | 2391 | 2962 | 3425 | 3888 | 4414 | 4875 | 5414 | 5925 | 6569 | 7017 | 7545 | 7983 |
| 1253 | 1918 | 2392 | 2979 | 3437 | 3905 | 4417 | 4877 | 5431 | 5926 | 6571 | 7020 | 7554 | 7995 |

महाराष्ट्र दिवाळी भव्यतम सोडत — जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले बक्षिस ₹ 2 करोड 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र (₹ 1 करोड x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (₹ 1 लाखाची x 10 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹3 लाख (₹ 10 हजाराची x 30 बक्षिसे) — सोडत दिनांक 01.11.2025 — तिकीट किंमत ₹200/-
वैभवलक्ष्मी सोडत दिनांक 17/10/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री • राजलक्ष्मी विकली लॉटरी •

सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 42 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 17/10/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **SR-09 : 4545**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1360 | 2157 | 2484 | 2570 | 2622 | 2791 | 4443 | 4640 | 4993 | 5370 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1645 | 1711 | 2051 | 2246 | 3386 | 4234 | 4818 | 5073 | 5089 | 5910 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1104 | 1770 | 2676 | 3845 | 5106 |
| 1137 | 1898 | 2749 | 3858 | 5164 |
| 1139 | 1949 | 2840 | 3890 | 5210 |
| 1150 | 1951 | 3005 | 3938 | 5237 |
| 1241 | 1986 | 3199 | 3963 | 5247 |
| 1295 | 2102 | 3205 | 4169 | 5275 |
| 1311 | 2125 | 3330 | 4307 | 5498 |
| 1422 | 2218 | 3350 | 4468 | 5562 |
| 1583 | 2372 | 3551 | 4493 | 5619 |
| 1613 | 2515 | 3592 | 4634 | 5727 |
| 1701 | 2609 | 3735 | 4856 | 5893 |
| 1746 | 2625 | 3834 | 4876 | 5895 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 5 लाखाची 10 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) — 200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री राजलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 17/10/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — गणेशलक्ष्मी धन विकली लॉटरी

सोडत सायं. 5:00 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 42 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 17/10/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **MG-08 : 3338** (ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी, पुणे)

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0862 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा), 1423 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर), 2949 (त्रिमूर्ती लॉटरी एजन्सी, मुंबई), 6966, 7184

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1845 | 1900 | 3192 | 4848 | 5592 | 6004 | 6745 | 7800 | 8821 | 9308 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0783 | 1653 | 2772 | 5218 | 6233 | 6669 | 7565 | 8164 | 8321 | 9851 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0100 | 1173 | 2122 | 3149 | 3673 | 4674 | 6606 | 7443 | 8528 | 9330 |
| 0205 | 1191 | 2244 | 3176 | 4161 | 4788 | 6622 | 7479 | 8737 | 9332 |
| 0210 | 1408 | 2261 | 3236 | 4224 | 4917 | 6771 | 7577 | 8783 | 9461 |
| 0249 | 1425 | 2279 | 3280 | 4245 | 5141 | 6889 | 7655 | 8808 | 9522 |
| 0521 | 1541 | 2341 | 3319 | 4253 | 5242 | 7075 | 7793 | 8815 | 9528 |
| 0530 | 1562 | 2415 | 3370 | 4271 | 5358 | 7124 | 7922 | 8821 | 9647 |
| 0585 | 1711 | 2420 | 3426 | 4403 | 5513 | 7147 | 8096 | 8852 | 9696 |
| 0719 | 1718 | 2498 | 3437 | 4446 | 5558 | 7174 | 8155 | 8958 | 9861 |
| 0807 | 1811 | 2551 | 3477 | 4449 | 5776 | 7243 | 8187 | 9031 | 9892 |
| 0816 | 1935 | 2921 | 3496 | 4466 | 6043 | 7270 | 8199 | 9125 | 9913 |
| 0842 | 1956 | 2962 | 3608 | 4469 | 6068 | 7277 | 8303 | 9258 | 9914 |
| 0849 | 1991 | 3050 | 3631 | 4495 | 6350 | 7304 | 8363 | 9296 | 9945 |
| 0968 | 2005 | 3051 | 3645 | 4614 | 6365 | 7367 | 8384 | 9311 | 9977 |
| 1027 | 2024 | 3069 | 3654 | 4645 | 6441 | 7441 | 8401 | 9329 | 9980 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी दसरा विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 20-10-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस — दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी धन विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 17/10/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

**प्रविण कडू : 9822472123**

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 18 अक्तूबर 2025 अंक 9/ वर्ष 7 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



# किन्नरों की 'गुरु मां' अयान खान गिरफ्तार



**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने एक बड़े खुलासे में बांग्लादेश मूल की ट्रांसजेंडर ज्योति उर्फ अयान खान उर्फ गुरु मां को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 30 सालों से फर्जी भारतीय दस्तावेजों के सहारे भारत में रह रही थी. पुलिस जांच में सामने आया है कि ज्योति का असली नाम बाबू अयान खान है और वह मुंबई के गोवंडी, रफीक नगर, कुर्ला, देवनार, नारपोली और ट्रॉम्बे इलाकों में एक्टिव थी. बताया जा रहा है कि उसके करीब 300 से ज्यादा अनुयायी (फॉलोअर्स) हैं, जो उसे गुरु मां कहकर बुलाते हैं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मार्च 2025 में शिवाजी नगर पुलिस ने रफीक नगर इलाके से कई बांग्लादेशी ट्रांसजेंडरों को गिरफ्तार किया था. उसी दौरान ज्योति के दस्तावेज भी चेक किए गए थे, लेकिन उसके पास आधार, पैन और अन्य वैध दिखने वाले कागज़ मौजूद थे. इसलिए उस वक्त उसे छोड़ा दिया गया था. इसके बाद जब पुलिस ने उसके दस्तावेजों की गहन जांच कराई, तो सभी प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए. अब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. जांच में यह भी पता चला है कि ज्योति के पास मुंबई में करीब 20 से ज्यादा घर हैं, जिनमें से कई रफीक नगर और गोवंडी इलाके में स्थित हैं. इन घरों में उसके अनुयायी रहते हैं और उसे अपन गुरु मां मानते हैं, लेकिन अब उसका पर्दाफाश हो गया है. पुलिस ने ज्योति उर्फ अयान खान के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह इतने लंबे समय तक भारत में फर्जी दस्तावेजों पर कैसे रह पाई और इसके पीछे कौन-कौन शामिल था. इसके साथ ही उसकी पूरी जांच की जा रही है. उसके फॉलोअर्स की भी जांच की जाएगी, जो उसके मुंबई वाले घरों में रहते हैं और उसे अपने गुरु मां कहते हैं.

# शिवसेना में भी गूंजे विरोध के सुर

## मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप



**मुंबई.** मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करने की विपक्ष की मांग के बीच सत्तारूढ़ शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने भी इसी तरह की मांग की और चुनाव आयोग से दोहरी मतदाता सूची और उन लोगों के नाम हटाने को कहा जिनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनके नाम सूची में हैं। पत्रकारों से बातचीत में गायकवाड़ ने कहा कि मतदाता को आधार कार्ड और मृत्यु प्रमाण पत्र से भी जोड़ा जाना चाहिए ताकि मतदाता की मृत्यु के बाद उसका नाम तुरंत सूची से हटाया जा सके। गायकवाड़ ने पूछा, चुनाव आयोग दोहरी मतदाता सूची और उन लोगों के नाम क्यों नहीं हटा रहा है जिनके नाम मर जाने के बावजूद सूची में हैं?" उन्होंने आगे कहा कि सूची में ऐसे मतदाता भी हैं जो 30 साल पहले जिले में रहते थे। उन्होंने ऐसे मतदाताओं की संख्या एक लाख बताई। उन्होंने सवाल किया कि चुनाव आयोग ने 25 जुलाई को मतदाता सूची पर रोक लगा दी है, लेकिन उन लोगों का क्या होगा जो अंतिम तिथि के बाद मतदान के पात्र हुए हैं। रत्नागिरी में शिवसेना मंत्री योगेश कदम ने कहा कि अगर विसंगतियों को दूर करने की मांग है तो यह उनकी पार्टी की भी मांग होगी।

# संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**मालेगाव.**

एटीएस और तेलंगाना पुलिस ने मालेगांव से संदिग्ध आतंकी तौसीफ को गिरफ्तार किया है. उस पर विदेशी आतंकी संगठनों से संबंध रखने और महाराष्ट्र में आतंकी नेटवर्क बनाने की साजिश रचने का आरोप है. सूत्रों के अनुसार, वह टेलरिंग के काम की आड़ में देशविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में था. डिजिटल सबूतों के आधार पर उसे तेलंगाना अदालत में पेश किया जाएगा. महाराष्ट्र एटीएस और तेलंगाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मालेगांव के नुमानी नगर इलाके से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी की पहचान तौसीफ के रूप में हुई है. तौसीफ विदेशी आतंकी संगठनों के संपर्क में था. मालेगाव सहित महाराष्ट्र में आतंकी नेटवर्क तैयार करने की कोशिश में लगा हुआ था. महाराष्ट्र एटीएस और तेलंगाना पुलिस ने जिस तौसीफ को गिरफ्तार किया है. वह टेलरिंग का काम किया करता है. इसी दुकान के जरिए वह पूरे काम को अंजाम दे रहा था. दुकान के जरिए ही वह देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने का प्लान बना रहा था. हालांकि पुलिस ने उसको पहले ही गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस सूत्रों का कहना है कि तौसीफ के कॉल रेकॉर्ड और डिजिटल डिवाइस से आपत्तिजनक जानकारी मिली है, जिससे उसके विदेशी संपर्कों की पुष्टि होती है. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आज तेलंगाना की अदालत में पेश किया जाएगा. फिलहाल एटीएस और तेलंगाना पुलिस की संयुक्त टीम उससे पूछताछ कर रही है, ताकि उसके नेटवर्क और संभावित सहयोगियों के बारे में और जानकारी मिल सके.

# जाम में 12 घंटे से फंसे लोग

**मुंबई.** मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे (एनएच-48) पर ट्रैफिक जाम से लोग जूझ रहे हैं. लगातार पांचवें दिन भी हाईवे पर ट्रैफिक जान से लोगों की मुश्किलें बढ़ हई हैं. वहीं वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली, जिससे हजारों लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे. जाम की वजह से एंबुलेंसें के अलावा फ्लाइट और ट्रेन पकड़ने जा रहे यात्री को भी परेशानी का सामना करना पड़ा. जानकारी के मुताबिक, भीषण जाम की वजह वसई और पालघर के बीच सड़क मरम्मत और भारी वाहनों के डायवर्जन बताई जा रही है. दरअसल, यहां से मुंबई और गुजरात जाने में लोगों को आसानी हो ती है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 260-8 | 890-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 990-8 | 679-2 |

## मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना: NGP/L/2025/T/21**
**Date: 15.10.2025**

वरिष्ठ मं. विद्यूत इंजीनियर (सा) मध्य रेलवे नागपुर, कार्यालय डीआरएम बिल्डिंग नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित किए जाते है। **ई-निविदा सूचना और कार्य का नाम:** ग्राहक सुविधा कार्यों के प्रस्ताव के संबंध में विद्युत कार्य - बल्लारशाह, चंद्रपुर, पुलगांव, जुन्नारदेव, परसिया और आमला स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफॉर्म का विस्तार। **अनुमानित लागत रुपये में:** 65,60,863.58/- (रुपये पैंसठ लाख साठ हजार आठ सौ तिरसठ और अट्ठावन पैसे मात्र) **बयाना राशि रुपये में:** 1,31,200/- **टेंडर डॉक्युमेंट की कीमत रुपये में:** Nil **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। यह ऑफर 60 दिनों तक खुला रहेगा। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 14.11.2025 upto 11.00 Hrs. **निविदा खुलने की की तिथि एवं समय:** 14.11.2025 upto 11.15 Hrs. **वेब साइट:** **www.ireps.gov.in** टेंडर से संबन्धित नोटिस वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मध्य रेलवे नागपूर, कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग नागपुर में उपलब्ध है। इसके पश्चात किसी भी शुद्धिपत्र को केवल वेब साइट पर देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)**

Apex-246

**अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है**


# मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य
AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL
KAMPTEE, NAGPUR (MS.)
आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज
सईद नगर, बालाजी मंदरि के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी
महाराष्ट्र हमारे कोर्स
BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician
इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी
ADMISSION OPEN 2025-26
8651512020, 8651513030

NPL Committed to your Wellness
DR. NANDI PATH LAB
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 1 ऑगस्ट अयोध्या काशी
• १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन
• ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
• २७ ऑक्टोबर केरळ कन्याकुमारी
• २८ ऑक्टोंबर गुजरात राजस्थान
• १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान
• ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर"
Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था
सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप
(लाइव ऑर्केस्ट्रा पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति)
Alka Lade बॉलिवुड गायिका
Contact For Participate 9373108897, 7798900066 9579254999
Per Song 1500
दि. 10 आगस्ट 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक
अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सिताबर्डी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस
7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख, 8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड, अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट, वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका, 7/12 फेरफार साठी अर्ज, फेरफार अर्ज,
राजेश धनवटे
9561498551
उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool
"Little Minds, Big Adventures"
Nurturing Young Minds with Heart and Purpose
Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2
Enquire now
More Information 9834172396
Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS
All types of AC & Non-AC Vehicles Available
Buses 30, 40 & 50 Seater Available
Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002
: Contact :
Avinash Zanzote 9850340105 7972365539
Vilas Zanzote 9372211220 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू...
नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित
:: ADMISSION OPEN FOR 2024-2025 ::
मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज
११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान
मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय
(राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित)
B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान
कार्यालय वेळ सकाळी १० ते सायं. ५ पर्यंत
SC/ST/OBC/VJNT विद्यार्थ्यांना BA/B.Com/B.Sc ला निःशुल्क प्रवेश देण्यात येईल.
स्कॉलरशिप ची सुविधा उपलब्ध आहे.
संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान
07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN
FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER
Eligibility 10th Pass
FREE ADMISSION FOR GIRLS
Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls
CONTACT US
RABBANI ITI
Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.)
9021132527 7721877941 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्युशन क्लासेस
10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है।
प्रोप्रा. मो. सलमान शेख
मोटर स्टैंड मस्जिद के पास, कामठी
तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL
LODGING, BOARDING & RESTAURANT
AC / Non AC Room
8983305535, 8055705535
पताः घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP
Convert VHS to Pendrive, Harddiskh
VHS को पेंनड्राइव में डालते है.
कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एंवम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है.
All Video Game for Sell & Repair Services also available
Only Place for Harddisk Loading
All type of USB & Electrical Accessories
All type of video game are available
Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box
Order for Digital Video, Photo Album
DHAMTI VIDEO FILMS
9423771189, 9595399588
FOR SALE
Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञापन हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088**










CMYK

हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 18 अक्तूबर 2025 अंक 9/ वर्ष 7 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




# गुजरात के नए मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा

## जानें किसे मिला कौनसा मंत्रालय ?

**गांधीनगर.** गुजरात में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है. गुजरात की नई कैबिनेट के मुताबिक मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के पास सामान्य प्रशासन, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण और अन्य विभाग रहेंगे. वहीं उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी को गृह, पुलिस आवास, जेल, सीमा सुरक्षा, ग्राम रक्षक दल, नागरिक सुरक्षा, मद्य निषेध एवं उत्पाद शुल्क, परिवहन, विधि एवं न्याय, खेल एवं युवा सेवाएँ तथा अन्य विभाग मिलेंगे. इसके अलावा मंत्री कनुभाई मोहनलाल देसाई को वित्त, शहरी विकास एवं शहरी आवास रहेंगे. मंत्री ऋषिकेश गणेशभाई पटेल को ऊर्जा एवं पेट्रोरसायन, पंचायत एवं ग्रामीण आवास, विधायी एवं संसदीय कार्य. वहीं मंत्री रीवाबा रवींद्रसिंह जडेजा को प्राथमिक, माध्यमिक एवं प्रौढ़ शिक्षा विभाग दिया गया है. इसी



तरह जितेंद्रभाई सवजीभाई वाघाणी को कृषि और किसान कल्याण, सहकारिता, मत्स्य पालन, पशुपालन और गो प्रजनन विभाग सौंपे गए हैं. वहीं कुनवरजीभाई मोहनभाई बावलिया को श्रम, कौशल विकास और रोजगार, ग्रामीण विकास की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं नरेशभाई मगनभाई पटेल को आदिवासी विकास, खादी ग्रामोद्योग और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय सौंपा गया है. इसके अलावा मंत्री अर्जुनभाई देवाभाई मोढवाडिय को वन और पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया है. साथ ही मंत्री डॉ. प्रद्युमन गुणाभाई वाजा को सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण, प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं मंत्री रमणभाई भीखाभाई सोलंकी को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले का भार सौंपा है. बता दें कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को 19 विधायकों को मंत्रियों के तौर पर शामिल कर मंत्रिपरिषद में फेरबदल किया और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया. इसी के साथ पटेल समेत मंत्रिपरिषद में शामिल कुल नेताओं की संख्या 26 हो गई है. गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए मंत्रियों के साथ-साथ उन नेताओं को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है और राज्य मंत्रियों से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है. सूरत शहर के मुजारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संघवी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह अब तक गृह राज्य मंत्री थे. 16 विधायकों ने दिया था इस्तीफा, संघवी और भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले पिछले मंत्रिमंडल का हिस्सा रहे पांच अन्य विधायक मंत्रिपरिषद में बने हुए हैं. सभी 16 मंत्रियों ने हालांकि बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इन छह मंत्रियों के इस्तीफे मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किए. इन छह में से तीन - कनुभाई पटेल, ऋषिकेश पटेल और कुंवरजी बावलिया - पहले कैबिनेट मंत्री थे, जबकि संघवी, प्रफुल्ल पानसेरिया और पुरुषोत्तम सोलंकी राज्य मंत्री थे. इनमें से केवल संघवी और पानसेरिया ने शुक्रवार को दोबारा शपथ ली। संघवी को उपमुख्यमंत्री और पानसेरिया को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया.

### रवींद्र जडेजा की पत्नी को भी बनाया मंत्री

मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए 19 विधायकों में जीतू वाघाणी, अर्जुन मोढवाडिया और मनीषा वकील शामिल हैं. राज्य मंत्री के रूप में भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को शामिल किया जाना आश्चर्यजनक कदम है.

# न तो हम रुकेंगे न थमेंगे, हम तेजी से आगे बढ़ेंगे

## पीएम ने पेश किया विकसित भारत का विजन



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी बनकर आगे बढ़ता रहा है। अब हम न तो रुकेंगे न थमेंगे, हम तेजी से आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने ये बातें 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' में कही हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कई स्पीड ब्रेकर हैं। ऐसे में उनसतोप्पाब्ले भारत की चर्चा बेहद अहम है। वाकई भारत आज रुकने के मूड में भी नहीं है। आज से 11 साल पहले देश में किन बातों की चर्चा होती थी। पॉलिसी पैरालिसिस की चर्चा होती थी। महिला सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठते थे। आतंकी स्लीपर सेल की चर्चा होती थी। महंगाई डायन खाए जात है, गीत सुनाई देते थे। हालांकि, अब ऐसा नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के पहले देश ही नहीं दुनियाभर में लोग यही सोचते थे कि इतने संकटों से घिरा भारत कभी इससे निकल ही नहीं सकता। हालांकि, बीते 11 साल भारत ने इन चुनौतियों से पार पाया है। आज महंगाई दर 2 फीसदी से नीचे है और विकास दर 7 फीसदी से ज्यादा है। आज आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है। अब भारत आतंकी हमलों के बाद चुप नहीं बैठता है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक करके और ऑपरेशन सिंदूर करके मुंहतोड़ जवाब देता है।

# मुंबई लोकल में चमत्कार! वीडियो कॉल पर युवक ने कराई महिला की डिलीवरी



**मुंबई.** आमिर खान अभिनीत थ्री इडियट फिल्म याद है, कैसे वीडियो कॉल पर एक गर्भवती महिला की डिलीवरी करवाई जाती है. जी हां यही सीन अब मुंबई के राम मंदिर रेलवे स्टेशन पर असलियत में दोहराया गया. दरअसल मंगलवार रात गोरेगांव से एअरपोर्ट जा रही लोकल ट्रेन में एक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी, जिसके बाद सबके हाथ-पैर फूल गए. लेकिन तभी ट्रेन में सफर कर रहा दिलीप बेद्रे ने अपनी महिला डॉक्टर दोस्त को वीडियो कॉल पर लेकर महिला की डिलीवरी करवाई. जच्चा और बच्चा को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना से वहां मौजूद यात्री और रेलवे स्टाफ भी भावुक हो गए. सब उसे रियल रैंचो बोलने लगे. जबकि दिलीप ने कहा पता नहीं मैंने कैसे ये सब कर दिया. इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. जानकारी के मुताबिक यह घटना मंगलवार देर रात करीब 12:40 बजे गोरेगांव से एयरपोर्ट जा रही लोकल ट्रेन की है. 27 वर्षीय विकास दिलीप बेद्रे भी सवार था, दिलीप वीडियो कैमरामैन है. तभी अचानक उसके पास वाले डिब्बे में एक गर्भवती महिला को तेज प्रसव शुरू हो गयी. सभी यात्री घबरा गए. लेकिन विकास ने सूझबूझ का परिचय दिखाया और उसने फ़ौरन ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचकर ट्रेन रोकी. राम मंदिर स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही स्थिति बिगड़ गई. नवजात बच्चा आधा बाहर आ चुका था, जबकि स्टेशन पर न तो डॉक्टर थे और न ही एंबुलेंस का इंतजाम था. विकास ने महिला डॉक्टर दोस्त को वीडियो कॉल लगाया. डॉक्टर ने स्क्रीन पर महिला की हालत देखी और स्टेप-बाय-स्टेप निर्देश दिए.

# मिलावटखोरों पर खाद्य विभाग का एक्शन

## 500 किलो खजूर और 15 क्विंटल खराब मिठाई जब्त

**लखनऊ.** यूपी के गोरखपुर में दिवाली के त्योहार से पहले मिलावटखोर बाजार में मिठाई के साथ अब ड्राई फ्रूट्स के नाम पर भी बाजार में मौत बांट रहे हैं. यूपी के गोरखपुर में दिल्ली से प्राइवेट बस में आ रहा 5 क्विंटल (500 किलोग्राम) खराब खजूर और 15 क्विंटल खराब मिठाई बरामद की गई है. इस मिठाई पर चांदी के वर्क की जगह एल्मुनियम का वर्क लगा था. गोरखपुर में सहायक आयुक्त खाद्य डा. सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार नौसड़ चौक पर दिल्ली से प्राइवेट बस में 50 डिब्बों में भरकर लाए जा रहे खजूर (डेट्स) बरामद किए हैं. प्रत्येक डिब्बे में 10 किलो खजूर थे. खाद्य विभाग ने 50 डिब्बे बरामद किए हैं जो करीब 5 क्विंटल है. इन डिब्बों



पर एक्सपायरी डेट के साथ ही अन्य जानकारी को उपलब्ध नहीं कराया गया है. पहली नजर में ये खराब दिख रहे हैं. अधिकारियों की मानें तो मिठाई के साथ ड्राई फ्रूट्स में भी मिलावट का खेल शुरू हो गया है. आमतौर पर बाजार में अच्छी क्वालिटी के खजूर मिल जाते हैं. लेकिन अब फैक्ट्री में छुहारा को गर्म पानी में पकाकर उसमें सैकरीन और शुगर के साथ अन्य चीजों को मिलाकर खजूर की तरह बनाकर बाजार में बेचा जाता है. गोरखपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पकड़ा गया खजूर संयुक्त अरब अमीरात का बताया जा रहा है. पैकेट पर भी यही दर्ज है लेकिन, पैकेट पर पैंकिंग और एक्सपायरी डेट नहीं मिली है. फिलहाल खजूर सीज कर व्यापारी को दे दिया गया है. उसे हिदायत दी गई है कि सैंपल का रिजल्ट आने तक उसकी बिक्री नहीं की जाएगी. खजूर भेजने वाले और मंगाने वाले किसी के पास लाइसेंस नहीं था, जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने पूरे माल को सीज कर दिया. यह माल महेवा मंडी के राजू सोनकर के पास भेजा गया था. डॉ. सुधीर ने बताया कि लखनऊ से भी एक ब्रेड वाहन में 15 क्विंटल खराब मिठाई पकड़ी गई है. ये मिठाई ब्रेड के बीच छुपाकर रखी गई थी. गोरखपुर के कई व्यापारियों के द्वारा इसे मंगाया गया था. उनके फूड लाइसेंस चेक किए जा रहे हैं. कुछ मिठाइयों पर एल्युमिनियम वर्क लगा हुआ है. इसे नष्ट कराया जा रहा है. शासन के सख्त निर्देश हैं कि ऐसी चीजों को रोका जाए. उनकी टीम दिन-रात काम कर रही है. सूचना के आधार पर कार्रवाई की जा रही है. इस माल को सीज किया जाएगा.

# 40 दिन में 58 करोड़ की ऑनलाइन ठगी

**मुंबई.** महाराष्ट्र पुलिस ने अब तक के सबसे बड़े डिजिटल स्कैम का पर्दाफाश किया है. साइबर क्रिमिनल ने पीड़ितों से 58 करोड़ का चूना लगाया है. खास बात यह है कि इस मामले के पीड़ित कम पढ़े-लिखे नहीं, बल्कि बेहद पढ़े-लिखे, उच्च शिक्षा प्राप्त हैं. बता दें, पीड़ित 72 वर्ष के हैं और उनकी पत्नी भी बेहद पढ़ी-लिखी हैं. पीड़ित कई फार्मा कंपनियों में उच्च पद पर काम कर चुके हैं. अभी भी उनकी कई कंपनियां हैं और पत्नी भी बड़े बैंक में काम कर चुकी हैं. लेकिन जालसाजों का तरीका इतना शातिराना था कि पढ़े-लिखे दंपत्ति समझ ही नहीं पाए कि उनके साथ क्या हुआ. पुलिस ने ठगी के मामले में 7 को गिरफ्तार किया है. पीड़ितों के साथ ठगने की शुरुआत 19 अगस्त से हुई. 19 अगस्त को पीड़ित को वीडियो कॉल आया. साइबर जालसाजों ने उन्हें कहा कि वे सीबीआई ऑफिस से हैं और बताया गया कि उनका बैंक अकाउंट मनी-लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल हुआ है. कहा गया कि उनके अकाउंट से 45 लाख का मनी-लॉन्ड्रिंग हुआ है, इसलिए कानूनी कार्रवाई होगी और सभी अकाउंट व संपत्ति सीज की जाएगी. वीडियो कॉल के दौरान सामने वाले जालसाज पुलिस अफसर की वर्दी पहने हुए थे. जालसाजों ने दंपत्ति को यकीन दिलाने के लिए वीडियो कॉल पर ही पुलिस स्टेशन और कोर्ट का सेट-अप बनाया था. कोर्ट के ऑर्डर व्हाट्सऐप पर भेजे जाते थे, ताकि सब कुछ वास्तविक लगे.




## रक्षामंत्री राजनाथ ने प्रॉडक्शन यूनिट का उद्घाटन किया, यहां हर साल 8 तेजस बनाए जाएंगे

# स्वदेशी तेजस ने भरी पहली उड़ान

**नई दिल्ली.** भारतीय वायुसेना को मार्क 1 ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में तेजी लाने के मकसद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र के नासिक में तीसरी प्रोडक्शन लाइन शुरू की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। नासिक के ओझर की इस फेसिलिटी में बने पहले लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने शुक्रवार को पहली उड़ान भरी। इस प्रोडक्शन लाइन के जरिए वायुसेना को 2032-33 तक 180 तेजस विमानों की आपूर्ति करने में मदद करेगी। यहां अभी आठ फाइटर जेट बनाए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 10 किया जा सकता है। वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही एचएएल को सितंबर में ही अमेरिका ने इसका चौथा इंजन भेजा था। इस फाइटर जेट की खूबियों में से एक है कि इसके विंग्स (पंखों) में 9 जगह मिसाइलें फिट होती हैं। हर तेजस मार्क-1ए की औसत कीमत 600 करोड़ रुपए है। फाइटर जेट रफ्तार 2205 किमी/घंटा यानी ध्वनि से भी करीब दोगुनी तेज है। इसका प्रोडक्शन देश की



500 से ज्यादा घरेलू कंपनियों ने मिलकर किया है, इसलिए इसे स्वदेशी तेजस भी कहा जा रहा है। केंद्र ने 19 अगस्त को वायुसेना को 97 तेजस फाइटर जेट खरीदने की हरी झंडी दी थी। इसके बाद 25 सितंबर को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को कॉन्ट्रैक्ट दिया था। केंद्र ने एचएएल के साथ ₹62,370 करोड़ की डील की है। इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1ए एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2022 को बेंगलुरु में तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी थी। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में यह पहली उड़ान थी। तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटे भी पहुंचे थे।



# 'आरक्षण पर आर-पार'

> चिमूर में 'आदिवासी एकता जिंदाबाद' के नारों से गूंजा शहर,
> सरकार को खुली चुनौती,'आरक्षण हमारा हक़ है, किसी की जागीर नहीं!'

**चिमूर.**

चिमूर शहर में 17 अक्तूबर को ऐतिहासिक आदिवासी आरक्षण बचाओ मोर्चा निकाला गया। बंजारा और धनगर समुदायों को अनुसूचित जनजाति (ST) आरक्षण कोटे में शामिल करने के सरकारी फैसले के विरोध में, आदिवासी समाज की विभिन्न संस्थाओं के नेतृत्व में यह विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया।

**पारंपरिक जोश, गूंजी हुंकार :** अभ्यंकर मैदान, नागफला किल्ला वार्ड से शुरू हुए इस मोर्चे में पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-ताशों का जोरदार गजर और प्रखर नारों ने पूरे चिमूर शहर को झकझोर कर रख दिया। "आरक्षण आमचं हक्काचं, नाही कोणाच्या बापाचं" और "आदिवासी एकता जिंदाबाद" जैसे बुलंद नारों से माहौल पूरी तरह से ऊर्जा से भर गया था।

चिमूर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में नागरिक इस मोर्चे में शामिल हुए। महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय थी, जिन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर अपनी मांगों को मजबूती से सामने रखा।



अभ्यंकर मैदान से निकला यह मोर्चा उप-जिला अधिकारी कार्यालय के सामने आकर एक जनसभा में बदल गया। मंच से बोलते हुए, विभिन्न आदिवासी नेताओं ने सरकार के इस निर्णय पर तीखी नाराज़गी व्यक्त की।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, "आदिवासी आरक्षण हमारे अस्तित्व से जुड़ा हुआ प्रश्न है। किसी भी समाज के राजनीतिक फायदे के लिए हमारे संवैधानिक अधिकारों पर डाका डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर प्रशासन ने सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा।"

सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता केशवराव वरखेडे ने की। इस दौरान भाऊजी टेकाम, राजकुमार मसराम, विलास कोराम, डॉ. ज्ञानेश्वर जुमनाके, सीमा मसराम और दीक्षा कोहचाडे जैसे प्रमुख नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मसराम ने किया, जबकि रमेश मडावी ने आभार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम आदिवासी आरक्षण बचाव संघर्ष कृती समिति द्वारा आयोजित किया गया था।

**प्रमुख माँगें: :** आंदोलनकारियों ने उपविभागीय अधिकारी किशोर घाडगे को ज्ञापन सौंपकर निम्नलिखित चार मुख्य माँगें रखीं

समावेशन तत्काल रद्द हो: अनुसूचित जनजाति वर्ग में बंजारा, धनगर या किसी अन्य जाति को शामिल करने का प्रस्ताव तुरंत खारिज किया जाए।

**शिक्षकों की भर्ती:** आदिवासी आश्रमशालाओं में शिक्षक और कर्मचारियों के सभी रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की जाए। न्यायिक फैसलों का पालन: जाति वैधता प्रमाण पत्र से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय (6 जुलाई 2017) और उच्च न्यायालय, नागपुर खंडपीठ (28 सितंबर 2018) के फैसलों को तुरंत लागू किया जाए।

**बोगस आदिवासियों पर कार्रवाई:** फर्जी/बोगस आदिवासियों को दिया गया सेवा संरक्षण रद्द कर, उनकी जगह वास्तविक आदिवासी उम्मीदवारों को नियुक्त किया जाए।

## प्रज्ञा संस्कार कॉन्वेंट में वाचन प्रेरणा दिवस मनाया गया



**गढ़चिरोली.**

दंडकारण्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास संशोधन संस्था द्वारा संचालित गढ़चिरोली स्थित प्रज्ञा संस्कार कॉन्वेंट में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर वाचन प्रेरणा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम स्कूल समन्वयक डॉ. सुरेश लडके और प्रशासक चेतन गोरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख अतिथियों द्वारा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई। वाचन की रुचि पैदा करने और छात्रों को ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सभी विद्यार्थियों को स्कूल की पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकें देकर वाचन कराया गया।

मुख्याध्यापिका रिजवाना पठाण ने छात्रों को डॉ. कलाम के जीवन, उनके साहस, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम की सफलता में सहाय्यक मुख्याध्यापिका जयश्री टप्पे, नंदिनी मोहूर्ले, पर्यवेक्षक आशिष ढोले, पर्यवेक्षिका श्रद्धा काचीनवार तथा शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## गढ़चिरोली–आरमोरी राष्ट्रीय महामार्ग पर हादसे के प्रकरण में

> राष्ट्रीय महामार्ग कार्यकारी अभियंता को 'कारण बताओ' नोटिस
> सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने का जिल्हाधिकारी का सख्त निर्देश

**गढ़चिरोली.**

गढ़चिरोली जिले में सबसे अधिक वर्दीली राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 353-C (गढ़चिरोली–आरमोरी) पर लगातार बढ़ रहे हादसों और इसमें हुई जान-माल की हानि के चलते इस मार्ग की खराब स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिल्हाधिकारी अविश्यांत पंडा ने राष्ट्रीय महामार्ग विभाग के कार्यकारी अभियंता को सीधे 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है।

जिल्हाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि अगर 24 घंटों के भीतर यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस लगातार हादसे और जान-माल के नुकसान के लिए राष्ट्रीय महामार्ग विभाग ने उचित कार्रवाई क्यों नहीं की, तो विभाग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही महामार्ग पर सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने का सख्त निर्देश भी दिया गया है।

**पिछले हादसे का विवरण:** 14 अक्टूबर को इस महामार्ग पर ज्युबिली स्कूल के पास हुए हादसे में एक दोपहिया वाहन चालक और उसके पीछे बैठे व्यक्ति की मौत हो गई थी। उप-प्रादेशिक परिवहन अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर यह नोटिस जारी की गई।

रिपोर्ट में बताया गया कि वर्तमान में पावसाल के कारण मार्ग पर बड़े गड्ढे पड़ गए हैं। गड्ढे बचाने के प्रयास में वाहन चालक खतरनाक तरीके से लेन बदलते हैं, जिससे आमने-सामने दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। केवल सात मीटर चौड़े इस मार्ग पर दो भारी वाहन एक साथ चलने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, इसलिए भविष्य की बढ़ती ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए मार्ग का चौड़ीकरण और मध्य भाग में मीडियन बनाना आवश्यक है। साथ ही, दोनों तरफ 1.4 मीटर चौड़ी रोड शोल्डर को मुख्य मार्ग की सतह तक लाकर समतल करना और उसमें फसलों/झाड़ियों की कटाई करना आवश्यक है।

**सुरक्षा संकेत और वेग नियंत्रण: :** जिल्हाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिगत तत्काल कुछ उपाय करने को कहा है।

राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्धारित वेग सीमा के संकेत फलक तुरंत लगाएं जाएं। इसके अलावा, स्कूल, अस्पताल और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा।

मीडियन और अधिक वर्दीली जगहों पर ब्लिंकर्स लगाना और ढाल वाले मार्गों पर रम्बलर स्ट्रिप्स लगाकर गति नियंत्रण करना जरूरी है।

## सभी निराश्रितों को मिले ढाई हजार रुपये मासिक सहायता वामपंथी दलों का ठिया आंदोलन

**गढ़चिरोली.**

संजय गांधी और श्रावण बाल निराश्रित योजनाओं के सभी लाभार्थियों को कम से कम ढाई हजार रुपये मासिक आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर किसान कामगार पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सहित वामपंथी दलों ने शुक्रवार, 17 अक्टूबर को गडचिरोली जिले के विभिन्न तहसील कार्यालयों के सामने एक दिवसीय ठिया आंदोलन किया।



राज्य सरकार ने हाल ही में इस योजना के अंतर्गत दिव्यांग लाभार्थियों को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता देना शुरू किया है, लेकिन विधवा, परित्यक्ता और वृद्ध निराश्रितों को यह बढ़ी हुई राशि लागू नहीं की गई। बढ़ती महंगाई में इतनी कम मदद से गुज़ारा करना मुश्किल हो गया है यही प्रमुख मांग आंदोलन में उठाई गई।गडचिरोली तहसील कार्यालय के समक्ष हुए आंदोलन का नेतृत्व भाई रामदास जराते, डॉ. गुरुदास सेमस्कर और चंद्रकांत भोयर ने किया। आरमोरी में कॉ. अमोल मारकवार के नेतृत्व में धरना हुआ, जहाँ नायब तहसीलदार दोनाडकर ने आंदोलनकारियों का ज्ञापन स्वीकार किया। एट्टापल्ली में जयश्रीताई जराते और अक्षय कोसनकर के नेतृत्व में, जबकि चामोर्शी और मुलचेरा तहसीलों में भी सैकड़ों निराश्रितों ने ठिया आंदोलन में भाग लिया। इस दौरान शासन से धान को साढ़े तीन हजार रुपये समर्थन मूल्य देने की मांग भी की गई।

## 'दि गढ़चिरोली नागरी सहकारी पतसंस्था' को मिला राज्यस्तरीय 'दीपस्तंभ पुरस्कार 2024'

**गढ़चिरोली.**

सहकार क्षेत्र में प्रतिष्ठित माने जाने वाले महाराष्ट्र राज्य सहकारी पतसंस्था फेडरेशन के राज्यस्तरीय "दीपस्तंभ पुरस्कार 2024" से इस वर्ष नागपुर विभाग से दि गढ़चिरोली नागरी सहकारी पतसंस्था मर्यादित, गढ़चिरोली को सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार फेडरेशन के अध्यक्ष काकासाहेब कोयटे के हाथों से डॅनीसन्स रिसॉर्ट, गोकर्ण-महाबलेश्वर (कुमठा, कर्नाटक) में आयोजित दो दिवसीय आंतरराज्यीय सहकार प्रशिक्षण एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्नाटक राज्य सहकारी पतसंस्था फेडरेशन के संचालक डॉ. संजय होसमट, पूर्व सांसद प्रभाकर कोरे, पूर्व सांसद अण्णासाहेब जोले, कर्नाटक की विधायक सौ. शशिकला जोले, सेवानिवृत्त अपर निबंधक श्रीकृष्ण वाडेकर तथा सहकारी पतसंस्था महाराष्ट्र राज्य, पुणे के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

संस्था की ओर से अध्यक्ष अनिल पाटील म्हशाखेत्री, मानद सचिव सुलोचना वाघरे, संचालक दिलीप उरकुडे और शेषराव येलेकर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

"दीपस्तंभ पुरस्कार" उन संस्थाओं को दिया जाता है जो सहकारी सिद्धांतों का पालन करते हुए पारदर्शक, ईमानदार और प्रगतिशील कार्य करती हैं।

100 करोड़ रुपये से अधिक जमा राशि वाली श्रेणी में यह सम्मान गढ़चिरोली नागरी सहकारी पतसंस्था को प्राप्त हुआ है।

संस्था पिछले 32 वर्षों से ग्राहकों को सेवा दे रही है। 31 मार्च 2025 की आर्थिक स्थितीनुसार संस्था ने 126 करोड़ रुपये की एफ डी (जमा राशि), 66.63 करोड़ का निवेश और 101.93 करोड़ का कर्ज वितरण किया है। संस्था का वसूल हिस्सा पूंजी 5.81 करोड़, जबकि राखीव निधि व अन्य निधि 31.50 करोड़ रुपये है।

बढ़ती प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए संस्था ने आधुनिक बैंकिंग तकनीक अपनाई है। गढ़चिरोली जिले में इसकी 9 शाखाएँ हैं, जो CBS प्रणाली से जुड़ी हैं। ग्राहकों को किसी भी शाखा से लेनदेन करने की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही, मोबाइल बैंकिंग ऐप, RTGS/NEFT, SMS सुविधा, अभिकर्ता मोबाइल ऐप, कंप्यूटरीकृत व्यवहार और नोट-जाँच मशीन जैसी आधुनिक सेवाएँ संस्था प्रदान कर रही है। वर्तमान में संस्था के 4,833 सभासद संस्था की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

गढ़चिरोली जैसे नक्सलप्रभावित और आदिवासी बहुल क्षेत्र में दि गढ़चिरोली नागरी सहकारी पतसंस्था ने आर्थिक स्थैर्य, ग्राहक विश्वास और पारदर्शक व्यवहार के माध्यम से विशिष्ट स्थान निर्माण किया है। संस्था ने इसके पूर्व लगातार तीन वर्ष "बँको ब्ल्यू रिबन पुरस्कार" प्राप्त किया, और अब "दीपस्तंभ पुरस्कार" प्राप्त कर संस्था ने सहकार क्षेत्र में नया मानदंड प्रस्थापित किया है। संस्था के अध्यक्ष अनिल पाटील म्हशाखेत्री, उपाध्यक्ष सुमतीताई मुनघाटे, मानद सचिव सुलोचना वाघरे, समेत सभी शाखा व्यवस्थापक व कर्मचारीयो का अभिनंदन किया गया हैं।

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १६१७/२०२५
दिनांक १५/१०/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) इनाम उर रहीम सिद्दिकी,** रा. प्लॉट नं. ४५, अवस्थी नगर, पोलीस लाईन टाकळी, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०८/०९/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **इनाम उर रहीम सिद्दिकी,** रा. प्लॉट नं. ४५, अवस्थी नगर, पोलीस लाईन टाकळी, नागपूर यांनी त्यांच्या स्वतःच्या **जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **इनाम उर रहीम सिद्दिकी** यांचा **जन्म दिनांक २७/०६/१९५६** रोजी **त्यांच्या राहते घरी मोमिनपुरा, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता**
Prasanna Publicity 09326927622

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे कार्यालय**
Email ID: tahasildarhingna@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१०४-२७६१३४
क्र.म.स./जन्म-मृत्यू/तह. हि./कावि-१५०/२०२५
दिनांक ०६/१०/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/ २०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) श्रीमती वैष्णवी विजय वाघाडे,** रा. वार्ड नं. ३, बोरी, ता. सेलू, जि. वर्धा यांचा अर्ज दिनांक २०/०१/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **श्रीमती वैष्णवी विजय वाघाडे,** रा. वार्ड नं. ३, बोरी, ता. सेलू, जि. वर्धा यांनी **स्वतःच्या** जन्माची नोंद ग्रामपंचायत/ नगर परिषद दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **श्री वैष्णवी विजय वाघाडे** यांचा **जन्म दिनांक ०१/०८/२००३** रोजी **राहते घरी सावंगी (देवळी)** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही असे गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, हिंगणा**
Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १२७४/२०२५
दिनांक १६/०९/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) आकाश गोविंद श्रीवास,** रा. हनुमान मंदिर जवळ, नाईक तलाव, बांगलादेश, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २९/०७/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **आकाश गोविंद श्रीवास, रा. हनुमान मंदिर जवळ, नाईक तलाव, बांगलादेश, नागपूर** यांनी त्यांच्या **मुलाच्या जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **राघव आकाश श्रीवास** यांचा **जन्म दिनांक २७/१०/२०२३** रोजी **डागा हॉस्पीटल, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता**
Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १६०६/२०२५
दिनांक १०/१०/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) आसमा बेगम अलीमुद्दीन,** रा. मस्जिद अमानउल्ला सेठ के सामने, कब्रस्तान रोड, मोमिनपुरा, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०२/०९/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **आसमा बेगम अलीमुद्दीन,** रा. मस्जिद अमानउल्ला सेठ के सामने, कब्रस्तान रोड, मोमिनपुरा, नागपूर यांनी त्यांच्या स्वतःच्या **जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **आसमा बेगम अलीमुद्दीन** यांचा **जन्म दिनांक ०१/०७/१९७८** रोजी **त्यांच्या राहते घरी मोमिनपुरा, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता**
Prasanna Publicity 09326927622

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे कार्यालय**
Email ID: tahasildarhingna@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१०४-२७६१३४
क्र.म.स./जन्म-मृत्यू/तह. हि./कावि- १८६/२०२५
दिनांक १६/१०/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/ २०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) श्रीमती गोदावरी नारायण बोरकुटे,** रा. मोहगाव (ढोले), ता. हिंगणा, जि. नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०३/१०/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **श्रीमती गोदावरी नारायण बोरकुटे,** रा. मोहगाव (ढोले), ता. हिंगणा, जि. नागपूर यांनी त्यांच्या आईच्या मृत्युची नोंद ग्रामपंचायत/ नगर परिषद दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **श्रीमती मोयना अवचीत लांडे** यांचा **मृत्यु दिनांक २२/०३/१९७६** रोजी **राहत्या घरी मोहगाव (ढोले)** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्युचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **मृत्यू** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यू** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही असे गृहीत धरून प्रस्तावित **मृत्यू** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, हिंगणा**
Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Under the instructions and authority of my client, **Shyam Asopa,** resident of Wathoda, Nagpur (Maharashtra), I hereby inform the general public that my client's sons: **1. Rishab Shyam Asopa (Age 28), 2. Ritik Shyam Asopa (Age 23)** have been found involved in certain unlawful / illegal activities without my client's knowledge or consent.

I hereby declare that my client has no connection with any of their unlawful acts or transactions and shall not be held responsible for any of their actions. Any person dealing with them does so at their own risk.

Nagpur, Dt. 18/10/2025

**Adv. Mayur Gangwal**
Flat No. 403, Bhosle Enclave, Kothi Road, Mahal, Nagpur. Mobile No.: 9028323905

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १६२०/२०२५
दिनांक १५/१०/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) मुस्तफा शमशेर शेख,** रा. प्लॉट नं. ३५, अतकर लेआउट, मोठा ताजबाग जवळ, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १५/०९/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **मुस्तफा शमशेर शेख,** रा. प्लॉट नं. ३५, अतकर लेआउट, मोठा ताजबाग जवळ, नागपूर यांनी त्यांच्या स्वतःच्या **जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **मुस्तफा शमशेर शेख** यांचा **जन्म दिनांक ०१/०७/१९५४** रोजी **त्यांच्या राहते घरी नयापुरा, खदान, गांधीबाग, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता**
Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १६१८/२०२५
दिनांक १५/१०/२०२५

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) सय्यद खलीकुद्दिन मजरूद्दिन,** रा. प्लॉट नं. ३०, WCL कॉलोनी, गोरेवाडा रिंग रोड, मानकापूर, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०८/०९/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **सय्यद खलीकुद्दिन मजरूद्दिन,** रा. प्लॉट नं. ३०, WCL कॉलोनी, मानकापूर, नागपूर यांनी त्यांच्या स्वतःच्या **जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **सय्यद खलीकुद्दिन मजरूद्दिन** यांचा **जन्म दिनांक १५/०४/१९६९** रोजी **त्यांच्या राहते घरी गिट्टीखदान, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता**
Prasanna Publicity 09326927622

Pench Tiger Reserve
महाराष्ट्र वन विभाग
महाराष्ट्र शासन
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

# वनपरिक्षेत्र अधिकारी (वन्यजीव) चोरबाहूली यांचे कार्यालय
## स्थित. चोरबाहूली, तह. रामटेक, जिल्हा. नागपूर.

**दुरध्वनी क्रमांक. 9850259782** Email ID: rfocpir@gmail.com

**आवक क्रमांकः अचारयाला (वन्य)/ 25/26** **गोरवाहूली, दिनांक:**

**जाहिर निविदा सपना क्र. 03**

मा. उपसंचालक, पेंच व्याघ्र प्रकल्प, नागपूर अंतर्गत चोरयाहूली (वन्यजीव) वनपरिक्षेत्रातील विविध कामे करण्याकरीता पंजीकृत कंत्राटदाराकडून नमुद अटी-शर्तीचे अधिन राहून दिलेल्या प्रपत्रात सिलबंद लिफाफ्यामध्ये B-1 निवीदा मागविण्यात येत आहे. सदर निविदा विविध प्रवर्गा करीता राखीव आहे. संबंधीत कामाबाबतचे निवीदा फॉर्म व अटी-शर्ती प्रती कामनिहाय रू 200/- रोखीने भरणा केल्यास दुपारी 11 ते 05 वाजेपर्यंत यनपरिक्षेत्र अधिकारी घोरमाहुली (वन्यजीव) येथे उपलब्ध होईल.

| | |
|---|---|
| निवीदा प्रकाशित करावयाची तारीख | 18/10/2025 |
| निवीदा फॉर्म व अटी-शर्ती मिळण्याची तारीख व वेळ | 18/10/2025 24/10/2025<br>दुपारी 11.00 ते 05.00 वाजेपर्यंत |
| निवीदा भरण्याची अंतीम तारीख | 24/10/2025<br>दुपारी 11.00 ते 03.00 वाजेपर्यंत |
| निवोदा उघडण्याची तारीख | दिनांक 25/10/2025 (सोईनुसार) |

कामाचा सविस्तर तपशिल खालील प्रमाणे :-

| अ. क्र | कामाचे विवरण | कामाची संख्या | काम करण्याची कालमर्यादा | अंदाजपत्रकीय रक्कम |
|---|---|---|---|---|
| | **खला प्रवर्ग** | | | |
| १ | Providing M.S Shed, Special Repairs and Renovation of Ticket Counter Cum Check Post, At. Chorbahuli Tourist Gate Premises, in Chorbahuli WL Range Ina Pench Tiger Reserve, Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 578956 |
| २ | Providing M.S Shed, Special Repairs and Renovation of Waiting Hall, At. Chorbahuli Tourist Gate Premises, in Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 755374 |
| ३ | Providing Safari Vehical Parking at Chorbahuli Tourist Gate Premises, in Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 778066 |
| ४ | Construction of Pagoda For Dahoda Resting Point in Comp No.599 Dahoda Beat in Kirangisarra Round Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. ,in Cumn in Comp No.735. in | 01 (B-1) | 01 महिना | 736943 |
| ५ | Construction of Pagoda Near to Bajarkund Protection Camp in Comp No.735, in Bajarkund Beat in Kirangisarra Round Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 743006 |
| | **सुशिक्षित प्रवर्ग** | | | |
| ६ | Providing M.S Shed, Special Repairs and Renovation of Ticket Counter Cum Check Post, At. Chorbahuli Tourist Gate Premises, in Chorbahuli WL Range Ina Pench Tiger Reserve, Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 736943 |
| ७ | Providing anmd fixing 1.50m high chain link fencing supported on M.S. Angle Post with Main Gate and Wicket Gate to Chorbahuli Tourist Gate Area at Chorbahuli, in Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. (Length of Fencing = 220.0 Rmt) | 01 (B-1) | 01 महिना | 792288 |
| ८ | Construction of RCC Water Tank Chorbahuli Tourist Gate Premises, at Chorbahuli in Chorbahuli (WL) Range of Pench Tiger Reservr Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 790717 |
| ९ | Construction of Febricated Bird Watching Watch Tower and Rest Room No 2,at Lakadi Tawer Comp. No.554 RF, in Kirungisarra North Beat, in Kirangisarra Round, in Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. | 01 (B-1) | 01 महिना | 683652 |
| | **मजूर सहकारी संस्था** | | | |
| १० | Providing M.S Shed, Special Repairs and Renovation of Meeting Hall, At. Chorbahuli Tourist Gate Premises, in Chorbahuli WL Range In Pench Tiger Reserve, Nagpur. tion of Ranada No 1 in Chorbahuli Tourist Gate | 01 (B-1) | 01 महिना | 870892 |
| ११ | Special Repairs and Renovation of Pagoda No.1 in Chorbahuli Tourist Gate Area at Chorbahuli Range Office Premises in Chorbahuli Range of Pench Tiger Reserve Nagpur. sist Gate | | | |
| १२ | Special Repairs and Renovation of Pagoda No.2 in Chorbahuli Tourist Gate Area at Chorbahuli Range Office Premises in Chorbahuli Range of Pench Tiger Reserve Nagpur. Gante und Indies Toilet, at Chorbahuli | | | |
| १३ | Special Repairs and Renovation of Gents and Ladies Toilet, at Chorbahuli Tourist Campus Premises in Chorbahuli Range of Pench Tiger Reserve Nagpur. | | | |

**(जे/आर. तायडे)**
**वनपरिक्षेत्र अधिकारी (वन्यजीव)**
**चौरबाहूली.**

# थामा का बजट स्त्री से कई गुना ज्यादा

## थामा का बजट स्त्री से कई गुना ज्यादा



आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'थामा' को लेकर सुर्खियों में हैं. यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही है और इसे लेकर इंडस्ट्री में काफी चर्चा है. फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से लोगों ने इसे काफी पसंद किया था. हालांकि, अभी तक इस फिल्म के गाने भी सामने आ चुके हैं.

चर्चाओं के बीच 'थामा' के बजट का भी खुलासा हो गया है, जो कि इस फिल्म को मैडॉक फिल्म्स की अभी तक की सबसे महंगी फिल्म बनाती है.दिवाली के मौके पर यानी 21 अक्टूबर को 'थामा' सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. फैंस का काउंटडाउन शुरू हो गया है. हालांकि,

इसी बीच इस फिल्म का बजट सामने आ गया है. इस प्रोजेक्ट से कंपनी और मेकर्स को काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी पहली बार साथ नजर आने वाली है. खास बात यह है कि इस फिल्म का बजट करीब 145 करोड़ रुपये बताया जा रहा है, जो मैडॉक फिल्म्स की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मानी जा रही है. बड़ी पैमाने पर बनी फिल्म 'थामा' में कई सारी जानी मानी टॉप की वीएफएक्स कंपनियां काम कर रही हैं. जानकारी के मुताबिक, फिल्म का फाइनल प्रोडक्शन बजट 125 करोड़ रुपए हैं, साथ ही इसमें 20 करोड़ रुपए मार्केटिंग और प्रमोशन के भी शामिल किए गए हैं. इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का लोगो भी सभी के सामने आया. हालांकि, फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए सभी काफी एक्साइटेड हैं.आदित्य सरपोतदार की डायरेक्शन में बनी थामा की एडवांस बुकिंग आज यानी 17 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है. इस फिल्म में परेश रावल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी शामिल हैं. कमाल की बात ये है कि फिल्म में एक आइटम नंबर भी है, जिसमें मलाइका अरोड़ा नजर आ रही हैं.

# धक् धक् गर्ल माधुरी और नेने की शादी को 26 साल पूरे

'धक-धक' गर्ल माधुरी दीक्षित ने साल 1999 में श्रीराम नेने से शादी की थी. इस साल उन्होंने अपनी शादी के 26 साल पूरे होने का जश्न मनाया. इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति के लिए एक भावुक पोस्ट शेयर किया. 17 अक्टूबर को माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज पोस्ट किया, जिसमें उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी, साथ में किया गया ट्रेवल और कई त्योहारों के यादगार पल शामिल थे.माधुरी ने इस वीडियो पर राजकुमार राव और जान्हवी कपूर स्टरर फिल्म मिस्टर एंड



मिसेज माही का गाना तू है तो मुझे को बैकग्राउंड में एड किया है. वीडियो शेयर करते हुए माधुरी दीक्षित ने कैप्शन दिया, "पलों से यादों तक, हाथों में हाथ डालकर ज़िंदगी जीने के 26 साल. सालगिरह मुबारक हो, सालगिरह श्रीराम नेने."दिग्गज एक्ट्रेस ने 17 अक्टूबर 1999 को एक निजी समारोह में कार्डियोवस्कुलर सर्जन श्रीराम नेने से शादी की थी. शादी के तीन साल बाद कपल ने जीवन के एक नए चरण में कदम रखा और 2003 में अपने पहले बेटे, एरिन का स्वागत किया. दो साल बाद वे अपने दूसरे बेटे, रयान के प्राउड माता-पिता बने.दिलचस्प बात यह है कि माधुरी ने एक बार अपनी प्रेम कहानी के बारे में बताया था और कहा था कि जब वे पहली बार मिले थे, तब नेने उनके सेलिब्रिटी स्टेटस से अनजान थे. वह शादी होने तक इसे ऐसे ही रखना चाहती थीं. माधुरी ने कहा, यह बहुत ज़रूरी था कि वह मुझे एक एक्ट्रेस के रूप में न जानें, क्योंकि तब वह मुझे पहले एक इंसान के रूप में जानते. जब लोग आपको एक एक्ट्रेस के रूप में देखते हैं, तो उनके मन में कुछ पूर्वाग्रह होते हैं... उनमें से कुछ भी नहीं था. मुझे सही इंसान मिला. मैं शादी करना चाहती थी, और मैंने कर ली.

# तेजस्वी-करण का अनुषा पर तीखा पलटवार

करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश अपने रिश्ते को लेकर लोगों के बीच चर्चा में रहते हैं. हालांकि, दोनों कई शो में भी नजर आ चुके हैं और लोग उन्हें काफी पसंद भी करते हैं. लेकिन, कुछ वक्त पहले करण की एक्स गर्लफ्रेंड ने उनको लेकर कमेंट किया है.दरअसल, तेजस्वी से पहले करण वीजे अनुषा दांडेकर के साथ रिश्ते में थे. हालांकि, एक पॉडकास्ट में अनुषा ने बिना नाम लिए कुछ इशारों में जिक्र किया गया था कि करण ने रिश्ते में रहने के दौरान उन्हें धोखा दिया था और अलग डेटिंग प्लेफॉर्म पर एक्टिव थे.करण कुंद्रा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इन बातों पर रिएक्शन देते एक पोस्ट भी शेयर की थी. जिसमें उन्होंने लिखा था, 'सख्त महिला' कहा था, लेकिन बाद में उन्होंने किसी वजह से अपना वो पोस्ट डिलीट कर दिया. हालांकि, बाद में करण की गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश ने क्रिप्टिक कैप्शन के जरिए अनुषा पर निशाना साधा. तेजस्वी ने करण के बर्थडे पर उन्हें विश करते हुए एक पोस्ट शेयर की, जिसमें दोनों की साथ में तस्वीर थी.हालांकि, इस पोस्ट के साथ तेजस्वी ने लिखा, केवल एक सही चुनाव जो उसने किया.



# किस बात का मलाल है मनोज बाजपेयी को?

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कई सारे ऐसे एक्टर्स हैं जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने दम पर नाम कमाया है और सफलता हासिल की है. इस लिस्ट में मनोज बाजपेयी का नाम भी शामिल है. करियर की शुरुआत में काफी रिजेक्शन्स झेलने के बाद मनोज बाजपेयी ने अपने हुनर और मेहनत के बल पर खास मुकाम हासिल किया और सभी को इंप्रेस किया. उन्होंने कई वर्सेटाइल रोल्स प्ले किए हैं. आज उनकी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है. एक्टर ने 3 दशक के करियर में 4 नेशनल अवॉर्ड और 4 फिल्मफेयर अवॉर्ड समेत और भी सम्मान हासिल किए हैं. उन्हें उनके काम के लिए देश के चौथे सर्वोच्च सम्मान पद्मश्री भी दिया जा चुका है. लेकिन इन सब के बाद भी मनोज बाजपेयी को एक बड़ा मलाल है. आइए जानते हैं कि वो मलाल क्या है.मनोज ने इसपर कहा- मैं आमतौर पर उनके पास जाता हूं और उनके बगल में जाकर बैठ जाता हूं और उनसे पूछता हूं कि जो फिल्म आप प्लान कर रहे हैं क्या उसमें मेरे लिए कोई रोल है. मैं एक स्ट्रगलर हूं और मुझे ऐसा कहने में कोई भी शर्म नहीं है. मैं ऐसे फाइन डायरेक्टर्स से रोल मांगने के लिए हमेशा ही तैयार रहता हूं और इसके लिए मैं कितना भी स्ट्रगल करने से भी पीछे नहीं हटता हूं. मैं उन्हें याद दिलाता रहता हूं वो मुझे दिलासा देते हैं इसके बाद पता नहीं उनके दिमाग में क्या आता है वो किसी दूसरे एक्टर के पास चले जाते हैं. वे बांद्रा में रहते हैं ना तो उनके पास कई सारे ऑप्शन्स हैं. अब एक्टर अपनी सुपरहिट वेब सीरीज फैमिली मैन 3 को लेकर चर्चा में हैं.





# मिस्टरबीस्ट के साथ तीनों खान एक फ्रेम में

शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान को एक साथ देखना फैन्स को बेहद पसंद है. जब-जब ये तीनों साथ आते हैं, तब इंटरनेट पर सिर्फ इन्हीं की चर्चा होती है. हालांकि कम ही मौके पर तीनों खानों को एक साथ देखा जाता है.

लेकिन हाल ही में यह संभव हुआ जब तीनों ने रियाद में जॉय फ़ोरम 2025 में शिरकत की. फैन्स तीनों को एक साथ देख खुसी से झूम उठे. यह एक ग्लोबल मंच है जो मनोरंजन को नई परिभाषा दे रहा है, जहां इंडस्ट्री जगत की दिग्गज, टॉप, इंटरनेशन और दुनिया की अग्रणी मनोरंजन कंपनियां एक साथ आ रही हैं.इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, लेकिन जिसने सबका ध्यान खींचा, वह यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट के साथ तीनों की तस्वीर थी. इंस्टाग्राम पर 446 मिलियन सब्सक्राइबर्स वाले इस यूट्यूबर ने शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ एक तस्वीर शेयर की और उनके साथ एक प्रोजेक्ट करने का संकेत दिया.

# 'छावा' से पीछे रह गई ऋषभ कांतारा की फिल्म?

साल 2025 का 10 महीना बीतने को है और अभी तक इस साल कोई भी फिल्म 1000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार नहीं कर सकी हैं. साल 2023 में शाहरुख खान की दो फिल्मों ने ये कमाल किया था वहीं दूसरी तरफ साल 2024 में अल्लू अर्जुन और प्रभास की फिल्में ये कारनामा करने में सफल रही थीं. मगर 2025 में अभी तक ऐसा देखने को नहीं मिल सका है. अब तक बॉलीवुड और साउथ की तमाम फिल्में रिलीज हुई हैं जिन्होंने अच्छा कलेक्शन किया है. लेकिन कोई भी फिल्म ऐसी अब तक नहीं रही है जिसने 1000 करोड़ का कलेक्शन कर के दिखाया हो.मौजूदा समय में ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 से उम्मीद की जा सकती है.

ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा चैप्टर 1 की बात करें तो इस फिल्म



ने रिलीज के साथ ही शानदार आगाज किया था और अपने कमाई के फ्लो को आगे भी बरकरार रखा. भारत में इस फिल्म ने 15 दिनों में 485.40 करोड़ रुपए की हो चुकी है. फिल्म को बीते गुरुवार के दिन अब तक का सबसे बड़ा नुकसान हुआ है. इस फिल्म का कलेक्शन पहली बार सिंगल डिजिट में रहा है और इस फिल्म ने 15वें दिन 9 करोड़ रुपए की कमाई की है. वहीं फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो 14 दिनों में इस फिल्म ने 670 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है. इसमें अगर 15वें दिन की कमाई जोड़ ली जाए तो ये फिल्म 679 करोड़ कमा चुकी है और इसमें अभी फिल्म के 15वें दिन के ओवरसीज कलेक्शन के आंकड़े आने बाकी हैं.साल 2025 विकी कौशल के लिए अब तक का सबसे शानदार साल साबित हुआ है. इस साल उनकी फिल्म छावा सिनेमाघरों में आई और शुरुआत में ही इस फिल्म ने ताबड़तोड़ कमाई कर के दिखा दी. फिल्म ने इतना कलेक्शन कर लिया कि उनके रिकॉर्ड को अब तक तोड़ा नहीं जा सका है. रिपोर्ट्स की मानें तो छावा ने भारत में 716.91 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया जो शानदार है. लेकिन फिल्म ने विदेशों में भी अच्छी कमाई की और 91 करोड़ रुपए कमा लिए.

# जहीर ने सोनाक्षी पर फेंका 'अंडा'



सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल.. एक ऐसा कपल जो कि हमेशा मस्ती करता रहता है। इस वक्त उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा को परेशान करने के लिए उन पर एक अंडा फेंक दिया। आप देखेंगे कि सोनाक्षी बालकनी में खड़ी हैं और अचानक जहीर वीडियो बनाते हुए आते हैं। उनके हाथ में एक अंडा है और वो कैमरे में पहले अंडा दिखाते हैं और सोनाक्षी को आवाज लगाते हैं। जैसे ही सोनाक्षी उनकी ओर देखती हैं वो अंडा फेंक देते हैं। इसके बाद हुआ वो आपको हैरान कर देगा। सोनाक्षी बहुत तेजी से चिल्लाती हैं। वायरल वीडियो में जहीर इकबाल के द्वारा फेंके गए अंडे को सोनाक्षी सिन्हा कैच नहीं कर पाती हैं और वो बालकनी में ही गिर कर फूट जाता है। सोनाक्षी दंग रह जाती हैं और तेजी से जहीर पर चिल्लाती हैं। इस वीडियो को को खुद जहीर इकबाल ने साझा किया है और लिखा है, 'जहीर रॉक्ड, सोनाक्षी शॉक्ड।'

जैसे ही वीडियो सामने आया लोग इसपर कमेंट्स कर रहे हैं। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब ऐसा कुछ दोनों की तरफ से देखने को मिला हो। शादी के पहले भी जहीर इकबाल ऐसे ही सोनाक्षी हैरान करते थे। सोशल मीडिया पर दोनों के कई वीडियोज हैं।

# सैफ के बेटे का रिएक्शन देख हैरान फैंस



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम एक बार फिर अपने सुर्खियों में हैं. सोशल मीडिया पर उनकी एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह पैपराजी को गंदा रिएक्शन देते हुए नजर आ रहे हैं. वायरल वीडियो में सैफ के बेटे को एक जगह से बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है. जैसे ही पैपराजी उन्हें घेरकर तस्वीरें और वीडियो लेना शुरू करते हैं. वह कैमरे की तरफ देखते हुए कई फोटो भी क्लिक कराते हैं. वहीं कुछ ऐसा सीन होता है, जहां इब्राहिम एकदम गंदा सा रिएक्शन देते हैं. एक्टर के इस वीडियो को देखकर आप एकदम हैरान हो जाएंगे. आइए जानते हैं. सैफ के बेटे ने किस बात पर इतना गंदा रिएक्शन दिया, यह वीडियो में साफ नहीं हो पाया है. लेकिन इतना बताया जा सकता है कि वहां मौजूद पैप्स की बातों पर ही उनका ये रिएक्शन था. हालांकि इब्राहिम का ये अंदाज भी लोगों को बहुत पसंद आ रहा है. इब्राहिम ने भले ही मुंह बनाया हो लेकिन वो बहुत प्यारे लग रहे हैं. वायरल हो रहे इस वीडियो में एक्टर ने ब्लैक शर्ट और ब्लेजर पहना है, जिसमें वो बहुत प्यारे लग रहे हैं. वहीं उनका हेयरस्टाइल भी एकदम शानदार है. एक्टर का लुक इसमें हद से ज्यादा अट्रैक्ट लग रहा है.पटौदी खानदान के नए नवाब ने 'नादानियां' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया. हालांकि ये फिल्म ज्यादा नहीं चल सकी. वहीं इस फिल्म के स्टारकास्ट को ट्रोल भी किया गया था. वहीं इब्राहिम की दूसरी फिल्म 'सरजमीन' भी रिलीज हुई थी. जिसे लोगों ने पसंद किया था.

# लाल झिलमिल गाउन में प्रियंका का ग्लैमरस लुक

दीवाली के मौके पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का सेलिब्रेशन मोड पूरी तरह से ऑन हो चुका है। देसी गर्ल दनादन दीवाली पार्टी इंजॉय करती दिखाई दे रही हैं। इसी कड़ी में प्रियंका चोपड़ा की नई तस्वीरो ने सोशल मीडिया पर कब्जा जमा लिया है। प्रियंका हाल ही में जॉनी वॉकर दिवाली बॉल में शामिल हुईं, जहां उन्होंने झिलमिलाता हुआ सुर्ख गाउन पहना। सिंगल शोल्डर वाले इस गाउन में खूबसूरत कढ़ाई, मोती और चमचमाते सीक्विन लगे थे। उनका यह लुक बहुत ही खास और अलग नजर आया क्योंकि आमतौर पर दिवाली पर लोग गोल्ड या सिल्वर कपड़े पहनते हैं, लेकिन प्रियंका ने कुछ नया ट्राई किया।

गाउन के नीचे हल्का और बहता हुआ कपड़ा था, जो चलते समय बहुत शाही लग रहा था। यह ड्रेस पूरी तरह से त्योहार के रंग और फैशन का बेहतरीन मेल थी। प्रियंका ने अपने लुक को सिंपल और स्टाइलिश रखा। उन्होंने लाल रंग की हील्स, एक हल्का सा ब्रेसलेट और हीरे की बालियां पहनी थीं। मेकअप में उन्होंने लाल लिपस्टिक, शार्प आईलाइनर और हल्का ग्लिटर इस्तेमाल किया। उनके बाल बंधे हुए थे, जिससे उनका चेहरा और आउटफिट और भी निखरकर सामने आया। उनका यह लुक न सिर्फ फैशनेबल था, बल्कि प्रियंका का कॉन्फिडेंस इसमें चार चांद लगा रहा था।



# हिंदू पंडित ने रखा था ए.आर. रहमान का नाम



ए आर रहमान म्यूजिक की दुनिया में काफी फेमस नाम हैं. हालांकि, म्यूजिशियन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा होती रहती है. हालांकि, काफी कम लोगों को पता है कि उनका जन्म एक हिंदू परिवार में हुआ था.ए आर रहमान का पहले नाम दिलीप कुमार था, हालांकि वो कभी भी अपने नाम से खुश नहीं थे. उन्हें लगता था कि ये नाम उनके लिए नहीं बनाया गया है. लेकिन, बाद में उन्होंने धर्म और नाम दोनों बदल लिया.दरअसल, जब म्यूजिशियन 9 साल के थे, तो उनके पिता की डेथ हो गई थी. हालांकि, आखिरी समय में ए आर रहमान के पिता कैंसर से जंग लड़ रहे थे और इस दौरान एक सूफी उनकी देखभाल करते थे.

म्यूजिशियन ने खुद इंटरव्यू में बताया कि जब उनके पिता की डेथ हुई, तो उसके कुछ वक्त बाद वो उस सूफी से मिले, जो उनकी देखभाल करते थे. उनको देखते हुए रहमान ने सूफी बनने का डिसाइड कर लिया.हालांकि, उनकी मां हिंदू धर्म फॉलो करती थीं, जिसके चलते उन्होंने रहमान को अपने साथ एक पंडित के पास ले गईं. उन्हें अपनी बेची यानी रहमान की बहन की शादी के लिए उसकी कुंडली दिखानी थी.हालांकि, धर्म बदलने से पहले जब रहमान पंडित के पास गए, तो उन्होंने अपना नाम बदलने की बात की. उन्होंने बताया कि उन्हें दिलीप नाम नहीं पसंद. इस दौरान पंडित ने उन्हें दो मुस्लिम नाम बताए थे.म्यूजिशियन को पंडित ने अब्दुल रहमान और अब्दुल रहीम नाम का सुझाव दिया और उन्हें रहमान पसंद आ गया. म्यूजिक की दुनिया में उन्होंने कमाल की पहचान बनाई है, उन्हें दो ऑस्कर अवॉर्ड मिल चुका है.

# 'बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी'

## > मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का दावा

**रांची.**

झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी.

एनडीए के '400 पार' जैसे दावों को जनता ने पहले ही नकार दिया है. दीपिका पांडेय सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए एनडीए पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, "बिहार की जनता बदलाव के पक्ष में वोट करने वाली है और आने वाले दिनों में वहां बड़ा उलटफेर होगा. एनडीए की जीत के दावे, जैसे 400 पार, अब जनता के सामने बेनकाब हो चुके हैं. इस बार बिहार में जनता का अपार स्नेह और समर्थन महागठबंधन को मिल रहा है.



उन्होंने सीट बंटवारे को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी टिप्पणी की. महागठबंधन में आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट शेयरिंग पर अंतिम सहमति बन रही है. कांग्रेस को 61-63 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि आरजेडी मुख्य पार्टनर बनेगी. दीपिका ने कहा, "सीट को लेकर आ रही समस्या जल्द दूर हो जाएगी. यह सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जदयू और बीजेपी में जो हो रहा है, वैसा शायद किसी गठबंधन में होता होगा.

उन्होंने एनडीए में आंतरिक कलह का जिक्र करते हुए कहा कि जदयू ने 57 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जबकि बीजेपी ने 101 नामों की लिस्ट दी, लेकिन सहयोगी दलों में असंतोष साफ दिख रहा है. महागठबंधन विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मजबूत है.

उन्होंने कहा कि कुछ सर्वे एनडीए को बढ़त दिखा रहे हैं. लेकिन ग्राउंड रियलिटी महागठबंधन के पक्ष में है. जन सुराज और एआईएमआईएम जैसे तीसरे मोर्चे भी एनडीए के वोट काट सकते हैं. बिहार में बदलाव की हवा बह रही है. महागठबंधन की एकजुटता से एनडीए का गणित बिगड़ जाएगा.

### घाटशिला उपचुनाव में जीत का दावा

झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर दीपिका ने महागठबंधन के उम्मीदवार की बंपर जीत का दावा किया. उन्होंने कहा, घाटशिला में हमारी जीत निश्चित है. वहां आदिवासी मुद्दों पर जनता का समर्थन मिलने वाला है.

# कांग्रेस ने बिहार में राजनीतिक वंशवाद को रोका

## >बेटियों/बेटों को टिकट नहीं मिला

**पटना.**

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस राजनीतिक वारिसों का हमेशा ख्याल रखती है. बिहार में विधानसभा चुनाव में देश की सबसे पुरानी पार्टी ने राजनीतिक परिवारों से जुड़े बेटे-बेटियों को टिकट दिए जाने की जगह पुराने दिग्गज चेहरों पर भी भरोसा जताया. बिहार में पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया आज शुक्रवार को खत्म हो रही है, लेकिन महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर मची उलझन के बीच युवा पीढ़ी को टिकट देने में संकोच किया.

कांग्रेस में नेता पुत्रों-पुत्रियों को इस बार खास तरजीह नहीं मिली है. पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की बेटी और लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार इस बार चुनाव में अपने बेटे अंशुल अविजीत के लिए टिकट की मांग कर रही थीं, लेकिन पार्टी ने उनके बेटे को टिकट नहीं दिया. अंशुल को कांग्रेस ने पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान पटना साहिब लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था.

इसी तरह पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद की भी ख्वाहिश पूरी नहीं हुई.



वह भी अपने बेटे के लिए बिहार से टिकट चाह रहे थे, लेकिन पार्टी ने इन्हें भी टिकट नहीं दिया. कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और एमएलसी मदन मोहन झा के बेटे को टिकट नहीं मिला है. कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से मदन मोहन झा और उनके बेटे की लोगों की बीच कम मौजूदगी को देखते हुए टिकट नहीं देने का फैसला लिया गया.

यही हाल पूर्व विधायक अवधेश कुमार सिंह का भी रहा. अवधेश के बेटे शशि शेखर सिंह 2020 के चुनाव में वजीरगंज सीट से मैदान में उतरे थे लेकिन वे चुनाव हार गए थे. हालांकि 2015 के चुनाव में कांग्रेस ने अवधेश को मैदान में उतारा था और वो चुनाव जीतने में सफल रहे थे.

अवधेश वजीरगंज से अपने बेटे के लिए टिकट चाह रहे थे लेकिन पार्टी ने बेटे की जगह पिता का चयन किया. यहां से अब अवधेश सिंह ही चुनाव लड़ रहे हैं. उनका मुकाबला बीजेपी के वीरेंद्र सिंह से होगा.





# दो अफसरों की मौत पर डॉ. उदित राज ने उठाए गंभीर सवाल

**चंडीगढ़.**

हरियाणा में आईपीएस पूरन कुमार और एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या के मामलों ने नया मोड़ ले लिया है. पूर्व सांसद और दलित नेता डॉ. उदित राज ने इन दोनों घटनाओं को 'सुनियोजित साजिश' बताते हुए कई गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि क्या कभी खुदकुशी का बदला खुदकुशी से लिया गया है?- यह पूरा मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि किसी बड़ी राजनीतिक चाल का हिस्सा लगता है.

डॉ. उदित राज ने कहा कि जींद निवासी एएसआई संदीप लाठर अक्सर अपने एक रिश्तेदार से मिलने रोहतक आते थे, जो बीजेपी से जुड़े हुए हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि लाठर ने आत्महत्या के लिए रोहतक को ही क्यों चुना. उनके अनुसार, लाठर के सुसाइड नोट में न तो किसी पर आरोप है और न ही किसी विवाद का जिक्र- बल्कि उसमें बीजेपी सरकार, डीजीपी शत्रुजीत कपूर और



एसपी नरेंद्र विजारनिया की प्रशंसा की गई है.

पूर्व सांसद और दलित नेता डॉ. उदित राज ने कहा कि अगर लाठर सच में ईमानदार और सच्चे थे, तो वे आईपीएस पूरन कुमार केस में साक्ष्य पेश कर सकते थे. लेकिन आत्महत्या कर उन्होंने साक्ष्यों को खत्म कर दिया. उदित राज का दावा है कि यह घटना एक तीर से कई निशाने साधने जैसी है, क्योंकि अब उल्टा पीड़िता पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है.

पूर्व सांसद ने यह भी सवाल उठाया कि लाठर की मौत के बाद बीजेपी नेताओं की मौके पर मौजूदगी क्या किसी साजिश की ओर इशारा नहीं करती. उन्होंने बताया कि रमेश लोहार जैसे बीजेपी नेता, जो पहले जाट आंदोलन और पहलवानों के विरोध में रहे हैं, इस मामले में सक्रिय दिखे- जिससे शक और गहराता है.

डॉ. उदित राज ने कहा कि दलित अफसरों को टारगेट करना बीजेपी सरकार की नीति बन चुकी है. उन्होंने आईएएस अमनीत कुमार और उनके भाई, पंजाब के विधायक अमित रतन के खिलाफ दर्ज एफआईआर को मनुवादी सोच का उदाहरण बताया. उन्होंने कहा कि अगर एक आईएएस-आईपीएस परिवार को झूठे मामलों में फंसाया जा सकता है, तो आम दलित नागरिक का क्या हाल होगा.

### कपिल के कैफे पर फिर हुई फायरिंग





ओटावा. कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के कनाडा के सरे स्थित कैफे पर बीते तीन महीने में तीसरी बार फायरिंग की घटना हुई है। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जो महज तीन सेकंड का है। इतने ही समय में कई राउंड गोली चल गई। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि फिलहाल नहीं की गई है। वायरल वीडियो में साफ-साफ दिखता है कि एक शूटर कैफे के शीशे पर फायरिंग करता है। इस समय वह गाड़ी में ही मौजूद था। इस घटना के बाद सोशल मीडिया में कुलवीर सिद्धू के नाम से एक पोस्ट शेयर किया गया। प्रोफाइल में लॉरेंस बिश्नोई की तस्वीर दिख रही है। वायरल पोस्ट में कुलवीर सिद्धू और गोल्डी ढिल्लन ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। इसमें 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के नारे भी लिए हुए हैं। जो लोग अवैध गतिविधियों में शामिल हैं और काम पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं करते उन्हें भी कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। कहा जा रहा है कि बॉलीवुड का जिक्र एक मशहूर हीरो की वजह से है, क्योंकि कपिल शर्मा उनके करीबी बताए जाते हैं। खबर है कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं। इससे पहले, 10 जुलाई और 7 अगस्त को भी कैफे में गोलीबारी हुई थी, जिसमें खिड़कियां टूट गई थीं, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई थी। हाल ही में सरे की मेयर ब्रेंडा लॉक के कैफे का दौरा करने के बाद कैफे को फिर से खोल दिया गया।

# हिजाब विवाद के बाद बदला स्कूल

**तिरुवनंतपुरम.**

केरल के कोच्चि में चर्च की ओर से चलाए जाने वाले स्कूल में हिजाब पहनने पर विवाद गहरा गया है। छात्रा के माता-पिता ने अपनी बेटी के तनाव में होने का हवाला देते हुए उसका दाखिला किसी अन्य संस्थान में कराने का फैसला किया है, जबकि स्कूल ने कहा कि अगर लड़की नियमों का पालन करती है तो वह पढ़ाई जारी रख सकती है। सेंट रीटा पब्लिक स्कूल की 8वीं कक्षा की छात्रा के पिता ने शुक्रवार को बताया कि उनकी बेटी उस स्कूल में वापस नहीं जाएगी। इस बीच, छात्रा का समर्थन कर रहे केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने इसे आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षिका ने छात्रा को हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जबकि वह खुद स्कार्फ पहने हुए थीं।

छात्रा के पिता ने कहा, 'हिजाब वाली घटना के बाद से मेरी बेटी बहुत तनाव में है। उसने साफ कह दिया था कि वह वहां नहीं जाना चाहती। इसलिए हमने उसकी इच्छा का सम्मान करने का फैसला किया है।' छात्रा के पिता ने बताया कि उन्होंने उसके दाखिले के लिए दूसरे विद्यालयों से संपर्क किया



है। हम एक स्कूल से बातचीत कर रहे हैं जो उसे दाखिला देने के लिए राजी हो गया है लेकिन हम सभी उपलब्ध विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विवाद शुरू होने के बाद से न तो शिक्षकों और न ही सेंट रीटा स्कूल के प्रबंधन ने परिवार से संपर्क किया है। उन्होंने कहा, 'मेरी बेटी पिछले दो दिन से स्कूल नहीं गई है और स्कूल ने हमसे कोई संपर्क नहीं किया है।'

यह विवाद तब शुरू हुआ जब स्कूल ने अपनी ड्रेस कोड पॉलिसी का हवाला देते हुए छात्रा के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई। बाद में यह मुद्दा एक बड़े विवाद में बदल गया, जब सामान्य शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने छात्रा का समर्थन किया। छात्रा के माता-पिता 10 अक्टूबर को अन्य लोगों के साथ स्कूल पहुंचे और उन्होंने प्रबंधन के रुख पर सवाल उठाया जिसके बाद स्कूल ने दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी। केरल हाई कोर्ट ने बाद में स्कूल को पुलिस सुरक्षा प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। शिवनकुट्टी ने शुरुआत में स्कूल की आलोचना की, लेकिन बाद में कहा कि मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है। उन्होंने हाल में स्कूल प्रबंधन से सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ किसी भी तरह की टिप्पणी से बचने को कहा है।

# दिवाली पर दो घंटे की सीमा लागू

**रांची.**

झारखंड में दीपावली पर रात के आठ से दस बजे तक ही पटाखे चलाए जाएंगे. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सर्वोच्च न्यायालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का हवाला देते हुए दीपावली सहित अन्य त्योहारों में आतिशबाजी और पटाखे चलाने को लेकर विस्तृत गाइडलाइन जारी की है. बोर्ड की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, दीपावली के अलावा छठ और गुरु पर्व पर भी सिर्फ दो-दो घंटे पटाखे चलाने की इजाजत दी जाएगी. क्रिसमस और न्यू ईयर पर पटाखे चलाने के लिए मात्र पैंतिस मिनट का समय निर्धारित किया गया है.छठ के दिन सुबह छह से आठ बजे तक, गुरुपर्व पर रात्रि आठ से दस बजे तक तथा क्रिसमस एवं नववर्ष पर 31 दिसंबर की रात 11 बजकर 55



मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक पटाखों की अनुमति दी जाएगी. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि झारखंड के उन शहरों में जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अच्छा या संतोषप्रद है, वहां निर्धारित समय पर ही पटाखे चलाए जा सकेंगे. ऐसे शहरों में 125 डेसिबल से कम ध्वनि स्तर वाले पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी.

उच्च ध्वनि वाले या अवैध पटाखों की बिक्री और प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. इन निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर आईपीसी की धारा 188 और वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. इसे लेकर राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा गया है. राज्य के शहरी इलाकों में पटाखों की दुकानें लगाने के लिए शहरों में खुली जगहों पर क्लस्टर बनाए जा रहे हैं. खुदरा विक्रेता उन्हीं क्लस्टरों में दुकान लगा सकेंगे.

झारखंड की राजधानी रांची में चार से पांच क्लस्टर बनाए गए हैं. इनके अलावा पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन ने कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं. सभी विक्रेताओं को इसका पालन करना होगा. पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना होगा.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 260-8 | 890-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 990-8 | 679-2 |

